'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 193 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शनिवार, 28 सितंबर 2024 samachargate@gmail.com

आम आदमी पार्टी बनेगी किंगमेकर : प्रवेश मेहता

Page 3

28 सितम्बर को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और 1 अक्तूबर को पीएम मोदी फरीदाबाद में करेंगे वोट की अपील

जाटलैंड के बाद अब दक्षिणी हरियाणा को साधेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी : कृष्णपाल गुर्जर

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत सुनिश्चित कर तीसरी बार सरकार बनाने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंकी हुई है। 1 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फरीदाबाद में रैली करेंगे और भाजपा का परचम लहराने के लिए भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोटों की अपील करेंगे। मोदी की यह रैली जाटलैंड के बाद अब दक्षिणी हरियाणा को साधने का काम करेगी। मोदी की रैली से पहले 28 सितंबर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील करेंगे।

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 28 सितम्बर को सुबह 10 बजे एनआईटी विधानसभा की डबुआ मंडी में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ एक विशाल जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करने एवं जनता का आशीर्वाद मांगने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 अक्तूबर को दोपहर 2 बजे पृथला विधानसभा के गद्पुरी टोल पर फरीदाबाद लोकसभा की एक विशाल जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करेंगे। शुक्रवार को पार्टी कार्यालय अटल कमल में पत्रकारवार्ता के दौरान कृष्णपाल गुर्जर के साथ जिला चुनाव प्रभारी पूर्व केन्द्रीय कानून मंत्री पीपी चौधरी, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जेजू ठाकुर, मीडिया सह प्रभारी राज मदान, आभाष अग्रवाल उपस्थित रहे।

केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मोदी जी हरियाणा में कुल 4 रैलियां कर रहे हैं, 2 रैली हो चुकी हैं, तीसरी रैली हिसार में हैं

और चौथी और आखिरी रैली फरीदाबाद में होगी। कुरुक्षेत्र और सोनीपत के गोहाना में हुई रैली में अपार जन समूह उमड़ा और मोदी जी को सुना है। फरीदाबाद में 1 अक्तूबर को होने वाली रैली हरियाणा के सबसे विशाल रैली होगी, जिसमें लाखों की संख्या में जनता पहुँचकर विश्व के सबसे लोकप्रिय एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के ओजस्वी विचारों को सुनेगी।

श्री गुर्जर ने कहा कि जाटलैंड के बाद अब मोदी जी दक्षिण हरियाणा की जनता को साधेंगे और भाजपा प्रत्याशियों के लिए जनता का आशीर्वाद मांगेंगे। श्री गुर्जर ने कहा कि मोदी जी की गद्पुरी टोल पर होने वाली रैली की तैयारियां जोरों पर हैं और रैली की तैयारियों के लिए भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। पीएम मोदी के फरीदाबाद आगमन को लेकर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में बहुत उत्साह है। रैली को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए कार्यकर्ता हर सेक्टर, कॉलोनी और गाँव गाँव जाकर लोगों को रैली के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में हरियाणा में हवा चल रही है और मोदी जी के आने के बाद यह हवा और तेजी से चलेगी, पिछली बार हम फरीदाबाद में 7 सीटें जीते थे, अबकी बार फरीदाबाद लोकसभा की सभी 9 सीटों पर विजय प्राप्त करेंगे।

जनता के आशीर्वाद से बनेगी तीसरी बार प्रदेश में भाजपा सरकार: गुर्जर

श्री गुर्जर ने कहा कि हरियाणा का इतिहास रहा है जिसकी केंद्र में सरकार होती है, हरियाणा में उसी पार्टी की सरकार बनती है। हरियाणा के लोग विकास चाहने वाले लोग हैं और जनता को पता है केंद्र के साथ चलने से ही दुगुनी तिगुनी गति से विकास होगा। देश की जनता ने एनडीए को तीसरी बार केंद्र में बहुमत दिया और मोदी की तीसरी बार इतिहास रच कर देश के प्रधानमंत्री बने, उसी तरह हरियाणा की जनता भी इतिहास रचेगी और भाजपा की तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनाकर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाएगी।

पर्ची और खर्ची से नौकरी देना कांग्रेस का कल्चर : कृष्णपाल गुर्जर

श्री गुर्जर ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता को अच्छे से पता है 2004 से 20 14 के 10 सालों में कैसे खर्ची देनी पड़ती थी फिर नौकरी की पर्ची मिलती थी, कांग्रेस की सरकार खर्ची पर्ची वाली सरकार थी और 2014 में जैसे ही भाजपा की हरियाणा में सरकार आई, हमने खर्ची पर्ची सिस्टम को बंद कर योग्यता के आधार पर युवाओं को नौकरी देने का काम किया। भाजपा की प्रदेश सरकार ने 10 वर्षों में नई-नई योजनायें लाकर और अपने संकल्पों को पूरा का प्रदेश की जनता को खुशहाल करने का काम किया।

कांग्रेस ने सिर्फ झूठे वादे कर अन्य प्रदेशों में वोट बटोरने का काम किया। कांग्रेस ने गारंटी दी है कि 2000 हर महीने पेंशन महिलाओं को खाते में भेजेंगे, हिमाचल में भी यही वादा किया था लेकिन एक रुपया भी नहीं दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संकल्प किया है कि 2 लाख युवाओं को नौकरी देंगे वो भी बगैर खर्ची पर्ची के और कांग्रेस ने गारंटी दी है नौकरी देंगे लेकिन नहीं बताया, बिना खर्ची पर्ची के देंगे। कांग्रेस के भ्रष्टाचार की पोल कांग्रेस के प्रत्याशी खोल रहे हैं। इनकी नियत में खोट है, कांग्रेस के प्रत्याशी 50 वोट पर एक नौकरी देने की बात कर रहे हैं। रिश्तेदारों और कार्यकर्ताओं को नौकरी देने की बात कर रहे हैं, पर्ची और खर्ची से नौकरी देना कांग्रेस का कल्चर है।

किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जेजू ठाकुर वापिस भाजपा में लौटे

कृष्णपाल गुर्जर और जिला अध्यक्ष के सामने किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जेजू ठाकुर वापिस भाजपा में लौटे। जेजू ठाकुर ने कहा कि उनका मान सम्मान भाजपा में है तो वो वापिस भाजपा में लौट आये और जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा एवं केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने उनको किसान मोर्चे का दोबारा जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी।

2027 तक बल्लभगढ़ हरियाणा के सबसे सुंदर शहरों में होगा शुमार : मूलचंद शर्मा

समाचार गेट/सुमित गोयल

बल्लभगढ़। आगामी 1 अक्टूबर को फरीदाबाद लोकसभा में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में बल्लभगढ़ विधानसभा से बढ़-चढ़कर बल्लभगढ़वासी भाग लेंगे और देश और दुनिया के सबसे मजबूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुनेगे। भाजपा प्रत्याशी श्री शर्मा ने आज जनसंपर्क अभियान के दौरान बल्लभगढ़ के सभी देव तुल्य जनता को न्योता देते हुए कहा कि यह फरीदाबाद के लिए सौभाग्य की बात है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फरीदाबाद लोकसभा में आ रहे हैं बता दें कि आगामी अक्टूबर को फरीदाबाद लोकसभा के गदपुरी गांव स्थित टोल के पास जनसभा को संबोधित करेंगे।

अनाज मंडी के पास नागर निवास पर चौधरी जगराम नागर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी श्री मूलचंद शर्मा ने मौके पर उपस्थित जनसमूह से भाजपा के लिए वोट की अपील की। प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने कहा विकास के मामले में बल्लभगढ़ विधानसभा 2027 तक हरियाणा की सबसे सुंदर विधानसभाओ में शुमार होगी। भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ को जाम मुक्त करने का मेरा सपना लगभग 18 महीने में पूरा हो जाएगा,मोहना रोड पर बनाए जाने वाले एलिवेटेड पुल पर काम आचार संहिता लगने से पहले ही शुरू हो चुका है उन्होंने कहा कि पुल के बनने के बाद बल्लभगढ़ मथुरा रोड स्थित मेट्रो स्टेशन बस अड्डा से अब सेक्टर 64 और 65 के अलावा सेक्टर 2 की दूरी मात्र 5 मिनट में तय होगी। मूलचंद शर्मा ने कहा कि हमने जो कहा था वह हमने किया है और आज इस सच्चाई और ईमानदारी और विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। उन्होंने कहा की आजादी के बाद शिक्षा के क्षेत्र में 76 साल के इतिहास में मेरा बल्लभगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में सबसे आगे ले जाने का सपना पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि मेरी बल्लबगढ़ विधानसभा में एक महिला कॉलेज बन चुका है और एक को एड कॉलेज भवन बनकर तैयार होने वाला है कुछ स्कूलों का काम जारी है। इस मौके पर गायत्री देवी, अंबिका शर्मा ने भी स्थानीय निवासियों से वोट की अपील करते हुए भाजपा के घोषणा पत्र के बारे में महिलाओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ के विकास में मैंने कोई कमी नहीं छोड़ी है और आगे भी चौगुनी गति से बल्लभगढ़ का विकास करने की ठानी है*। भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने आज जनसंपर्क अभियान के तहत आदर्श नगर,चावला कॉलोनी,सुभाष कालोनी,सेक्टर 3, छन्जू राम रोड आदर्श नगर,त्रिखा कालोनी के अलावा कई स्थानों का तूफानी दौरा कर लोगो से सीधे वोट की अपील की। जगह-जगह भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा का स्वागत किया गया। इस मौके पर मुखराम बघेल, रविंद्र नागर ,निहाल सिंह बघेल, बुद्धा सैनी, राकेश गुर्जर, महावीर सैनी, भगवान सिंह फौजदार,पारस जैन,गजेंद्र वैष्णव, सचिन गर्ग मुख्य रूप से मोजूद रहे।

इसके उपरांत त्रिखा कॉलोनी में ओम दत्त शर्मा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह मे भाजपा प्रत्यासी मूलचंद शर्मा का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर ओपी शास्त्री, सुषमा यादव ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर कॉलोनी के लोगों और भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने भी ज्यादा से ज्यादा वोट कमल के निशान पर डालने के लिए सभी से अपील की।

छन्जू राम रोड पर श्री नंदू सेन फल वाले द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने सभी लोगों से वोट की अपील की और आगामी 1 अक्टूबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की।

विजय प्रताप को दिया विजयीश्री का आशीर्वाद दर्जनों जन समर्थन सभाओं में उमड़े हजारों लोग

लोगों के आशीर्वाद से बर्बाद बड़खल विधासभा क्षेत्र का नव निर्माण करूंगा- विजय प्रताप

क्षेत्र के विकास के लिए विजय प्रताप सिंह को भारी मतो से जिताएं: वेणुका प्रताप

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। चुनाव प्रचार के दौरान जन समर्थन सभाओं में उमड़ रहे लोगों के हुजूम से गदगद बड़खल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में पूर्व मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों की भावनाओं के अनुरूप 800 करोड़ से ज्यादा से विकास कार्य कराए और मैं क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से बड़खल विधानसभा का नए विजन के साथ नव निर्माण करूंगा। आगे भी आपको शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। इसके लिए आपसे केवल तीन महीने का समय मांग रहा हूं और वादा करता हूं तीन महीने में आप लोगों की सभी समस्याओं का समाधान कर दूंगा। न तो सडकों पर आपको गड्ढे मिलेंगे, न कूड़ा मिलेगा और न ही सीवर का पानी गलियों में बहता हुआ मिलेगा। शुक्रवार को भी उन्होंने बडखल विधानसभा क्षेत्र के बीके चौक स्थित एनआईटी 3 बी ब्लॉक, विवेकानंद पार्क, फतेहपुर गांव, मेवला महाराजपुर, एसजीएम नगर, एल ब्लॉक, डी ब्लॉक एनआईटी 5, आदर्श कॉलोनी, एच ब्लॉक सैनिक कॉलोनी, अरावली विहार पार्क, सैनिक कॉलोनी एवं शिव दुर्गा विहार में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। सभी जगह विजय प्रताप को अपार जन समर्थन एवं सहयोग मिला।

इस मौके पर लोगों को सम्बोधित करते हुए विजय प्रताप ने कहा कि विजय प्रताप ने कहा कि भाजपा ने शहर के विकास को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। शहर के गड्ढों को भरने के लिए हाल फिलहाल में 80 करोड़ रुपए का बजट पास किया गया, लेकिन आपको कहीं गडढे भरे हुए दिखाई नहीं देंगे।

विजय प्रताप ने एसजीएम नगर क्षेत्र के लोगों से वादा किया कि कॉलोनी के लोगों के लिए दो कम्युनिटी सेंटर, एक बड़ा स्कूल, बारात घर बनाकर देंगे। कॉलोनी के सभी नाले पक्के कराकर चालू करवाकर आपको देंगे। इसके अलावा एसजीएम नगर को जो भी हिस्सा पास नहीं हुआ है, उसको पास कराकर देंगे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी का एजेंडा दोहराते हुए कहा कि सरकार आने पर हर महीना महिलाओं को दो हजार रुपए सम्मान राशि दी जाएगी। इसके अलावा बुजुर्गों को 6 हजार रुपए पेंशन राशि, 500 रुपए में गैस सिलेंडर एवं 300 यूनिट बिजली फ्री देने का काम हरियाणा की कांग्रेस सरकार करेगी। विजय प्रताप ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी एक बड़ा काम करने जा रही है। मात्र 1000 से 1500 रुपए में एक परिवार का हेल्थ कार्ड बनाकर देंगे, जिससे 25 लाख तक का सालाना इलाज किसी भी निजी या सरकारी अस्पताल में करवा पाएंगे। इसलिए अपना सहयोग दो और कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाकर भेजने का काम करें। वहीं बड़खल विधानसभा क्षेत्र में विजय प्रताप की धर्मपत्नी वेणुका प्रताप खुल्लर, विवेक प्रताप की धर्मपत्नी दीप्ति प्रताप, विधानप्रताप का दर्जनों विशाल जन समर्थन सभाओं लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि वह बड़खल विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्माण के लिए विजय प्रताप को भारी मतों से जिताएंगे। वेणुका प्रताप खुल्लर ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए विजय प्रताप सिंह को भारी मतो से जिताएं। मैं वादा करती हूं कि लोगों को शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। सीवर, पानी, सड़क, बिजली, बदहाल पार्कों जैसी अनेक समस्याओं का समाधान केवल तीन माह में होगा। सफाई तो जीत के बाद से ही लोगों को दिखाई देने लग जाएगी।

मूक बधिर बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा मिलकर करना होगा प्रयास: राज्यपाल

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय श्रवण एवं वाणी नि:शक्तजन कल्याण केन्द्र में मूक बधिर बच्चों से हुए रूबरू

प्रत्येक मूक बधिर बच्चे में है विशेष प्रतिभा, बस उसे समझने और निखारने की जरूरत-राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

राज्यपाल ने केंद्र का निरीक्षण करते हुए वहां बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं का लिया जायजा

समाचार गेट ब्यूरो

सोनीपत/चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय श्रवण एवं वाणी नि:शक्तजन कल्याण केन्द्र के बच्चों से रूबरू होते हुए कहा कि प्रत्येक मूक बधिर बच्चें में विशेष प्रतिभा छिपी होती है बस उसे समझने और निखारने की जरूरत है। इसलिए इन बच्चों को जीवन में आगे बढ़ाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इनका सहयोग करना चाहिए ताकि यह अपने जीवन में सफल होकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शुक्रवार की सुबह शहर स्थित श्रवण एवं वाणी नि:शक्तजन कल्याण केन्द्र को दौरा करते हुए वहां पर मूक बधिर बच्चों को मिलने वाली सभी जरूरी सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र में हॉस्टल, रसोई, डाइनिंग हाल तथा कक्षाओं को निरीक्षण कर केंद्र के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर प्रत्येक बच्चों को वो सभी सुविधाएं मुहैया करवाएं जिसके वे हकदार है। उन्होंने कहा कि भगवान ने उन्हें इस रूप में जन्म दिया इसमें इन बच्चों का कोई कसूर नहीं है इसलिए इन बच्चों को कोई भी व्यक्ति अलग न समझे बल्कि उनको भी अन्य बच्चों की भांति अच्छी शिक्षा व अन्य कौशल कार्यों में आगे बढ़ाएं ताकि वे भी अपने जीवन में सफल हो सके।

उन्होंने कहा कि आज के समय हम सबको मिलकर इन मूक बधिर बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिलकर प्रयास करने होंगे। उनमें अच्छे कौशल का विकास करना होगा ताकि वे भी औद्योगिक क्षेत्रों व सरकारी नौकरियों में आगे बढ़ सके। इस दौरान राज्यपाल ने बच्चों से सवाल पूछे और बच्चों के सवालों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने आप को कमजोर और अकेले न समझें क्योंकि आपके पीछे आपका साथ देने वाले 140 करोड़ लोग है। इसलिए आप अपने जीवन में मन लगाकर मेहनत करें। उन्होंने कहा कि यहां पर पढ़ने वाले बच्चों को खेलों और अन्य प्रतियोगिताओं के लिए जरूर प्रेरित करें ताकि वे शिक्षा के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ सके।

इस दौरान राज्यपाल ने पंचकूला में आयोजित खेल प्रतियोगिता व जिला स्तर पर बाल भवन में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता मूक बधिर बच्चों को सम्मानित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर हरियाणा श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण समिति की चेयरपर्सन मेघा भंडारी, उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार, डीसीपी प्रबीना पी, एसडीएम अमित कुमार, नगराधीश रेणुका नांदल, सहायक निदेशक गुरूग्राम केन्द्र सीमा, सोनीपत केंद्र के सहायक निदेशक सेवेन्द्र सिंह सहित केंद्र के शिक्षक गण मौजूद रहे।

एक जिले का नहीं, पूरे हरियाणा का समान विकास करने वाले मुख्यमंत्री हैं नायब सैनी : अमित शाह

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लाडवा में आयोजित जन आशीर्वाद रैली में उमड़े जनसैलाब से लाडवा से प्रत्याशी नायब सिंह सैनी, शाहाबाद से प्रत्याशी सुभाष कलसाना और थानेसर से प्रत्याशी सुभाष सुधा के लिए प्रचंड बहुमत से जिताने की अपील की। अमित शाह ने कहा कि यह कुरुक्षेत्र वह भूमि है जहां धर्म युद्ध के बीच में दुनिया का सबसे बड़ा तत्व ज्ञान भगवान श्री कृष्ण ने दुनिया को भेंट किया। उन्होने कहा कि लाडवा की जनता को भाजपा ने मुख्यमंत्री के रुप में नायब सिंह सैनी बना बनाया मुख्यमंत्री दिया है। श्री शाह ने कहा कि हरियाणा की सारी विधानसभा सीटों पर जनता विधायक चुनेगी, अकेले लाडवा वाले मुख्यमंत्री को चुनेंगे।

कांग्रेस को घेरते हुए अमित शाह ने कहा कि हरियाणा कांग्रेस के शासन में एक मुख्यमंत्री आता था जो एक जिले का प्रचार और एक ही जिले का विकास करता था। इसके बाद जब दूसरा मुख्यमंत्री आता था तो भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी बढ़ती थी। पूरे हरियाणा का विकास करने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है। भाजपा एक विशेष जाति नहीं, बल्कि 36 बिरादरी का काम करने वाली पार्टी है। श्री शाह ने कहा कि हरियाणा के बड़े-बड़े नेता और मुख्यमंत्री भी नौकरी देने के करप्शन में 10-10 साल जेल में गए हैं। लेकिन भाजपा ने 10 साल शासन किया किसी को भी खर्ची-पर्ची की जरूरत नहीं पड़ने दी। श्री शाह ने कहा कि पहले हुड्डा की सरकार में अपॉइंटमेंट लेटर दलाल लेकर आते थे। लेकिन भाजपा सरकार में दलाल और डीलर चले गए, अब डाकिया अपॉइंटमेंट लेटर देकर चला जाता है। हरियाणा में पारदर्शिता लाने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है। रैली में सीएम नायब सिंह सैनी, सांसद नवीन जिंदल, जिलाध्यक्ष सुशील राणा, पूर्व सांसद राघव लखनपाल, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, थानेसर भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा, शाहबाद प्रत्याशी सुभाष कलसाना, जवाहर सैनी, अशोक गुर्जर और श्रीमती सुमन सैनी मौजूद रहे।

विकास की दौड़ में पिछड़ा नगीना समस्याओं का लगा अम्बार :रजत जैन

(अनिल मोहनियां नूंह)

विकास की दौड़ में नगीना के पिछड़ने की वजह से समस्याएं कम होने की बजाय समस्यओं का अंबार लगा हुआ है जिसकी वजह से नगीना धीरे-धीरे अपनी चमक होता जा रहा है। चुनावी मौसम में फिर एक बार राजनीतिक कार्यकर्ता व राजनेता नगीना के विकास को लेकर लंबे चौड़े वादों की झड़ियां लगाने लगे हैं लेकिन सच्चाई इससे कोसो दूर है । नगीना की समस्याओं ओर प्रमुख मांगो को लेकर सर्व जातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता रजत जैन से सवांददाता की बातचीत कौन कौन सी प्रमुख मांगे आज भी है अधूरी रजत जैन का क्या कहना है मांगे नहीं हुई पूरी : रजत जैन के अनुसार नगीना की दशकों पुरानी मांग है अब तक पूरी नहीं हुई है जिनमें मुख्य मांगे नगीना उप तहसील का दर्जा बढ़ाकर तहसील बनाना, खजाना की स्थापना करना,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा बढ़ाकर सामुदायिक केंद्र बनाना, बस अड्डा बनाना, जन स्वास्थ्य विभाग का कार्यालय खोलना, सरकारी खाद्य बीज वितरण केंद्र की स्थापना, महाविद्यालय में ला एवं बीएड की कक्षाएं शुरू करना ,आदि विभागों के कार्यालय ना होने की वजह से नगीना विकास की दौड़ में पिछड़ रहा है वही पानी बिजली गंदगी अतिक्रमण जैसी समस्याओं से भी जूझ रहा है। बैंकों की शाखाएं भी नगीना में कम है सरकार को ओर अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएं नगीना में स्थापित करनी चाहिए जिससे की जनता को सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का पूरा लाभ मिल सकें। डाकखाना में भी सुविधाओं की कमी है। बदहाल यातायात व्यवस्थाः रजत ने बताया की नगीना में यातायात संसाधनों का अभाव होने की वजह से नगीना व्यापारिक दृष्टि से भी काफी पिछड़ गया है सरकार व प्रशासन की ओर से इस पर कोई विशेष ध्यान ना देने व ठोस कार्यवाही ना करने की वजह से आज तक भी नगीना में बस अड्डा का निर्माण नहीं हो पाया है। यह बड़े चिन्ता का विषय है कि मात्र वादों और दावों से आगे योजना नहीं बढ़ पाई है ।बल्कि अंबाला, यमुनानगर, चंडीगढ़, अलवर आदि अनेक स्थानों की सीधी बस सेवा भी नगीना से बंद की जा चुकी है। महिला सुरक्षा चिंता का विषय :समाजिक कार्यकर्ता रजत जैन ने बताया की महिला सुरक्षा को लेकर सरकार व प्रशासन गंभीर नहीं है कई बार नगीना व बड़कली चौक पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग की जा चुकी है ।लेकिन आज तक भी सीसीटीवी कैमरा पर्याप्त संख्या में नहीं लगाए गए हैं ।सार्वजनिक स्ट्रीट लाइटों का भी अभाव है । शासन,प्रशासन व पंचायत ने कुछ समय पूर्व कुछ लाइटें लगवाई वह भी निजी मालिको के घरों व दुकानों पर लगाकर मामले में खानापूर्ति कर दी गई। ये लाईट भी उन मालिकों की दया पर निर्भर है की कब जलेगी कब बुझेगी ।जिसकी वजह से अक्सर रात को रास्ते व गलियों में अंधेरा व्याप्त रहता है ।कस्बा में एक भी सार्वजनिक सुलभ शौचालय ना होने की वजह से जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है यहां तक कि पंचायत भवन में भी शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है। पानी बिजली की समस्याःजैन ने बताया की कस्बा में पानी वितरण प्रणाली की व्यवस्था दुरुस्त ना होने की वजह से अक्सर पानी की समस्या विकराल रूप धारण किए रहती है। बिजली के तार व केबल जर्जर स्थिति में होने की वजह से आए दिन क्षतिग्रस्त होते रहते हैं जिसकी वजह से अक्सर घंटों बिजली गुल रहती है ।इसके अलावा अघोषित कटों की वजह से भी बिजली गुल हो जाती है। सफाई व्यवस्था व अतिक्रमण की समस्याः रजत ने बताया सफाई व्यवस्था नियमित व दुरुस्त ना होने की वजह से जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं नालियों की गंदगी की निकासी ना होने की वजह से गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है अतिक्रमण ने भी अपना विकराल रूप धारण किया हुआ है अतिक्रमण गंदगी की वजह से राहगीरों को आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।कई बार तो उनकी वजह से मरीज के साथ एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है जिसकी वजह से मरीज की जान को भी खतरा उत्पन्न हो जाता है रास्तों के अलावा कई सरकारी भवन भी अतिक्रमण की समस्या से अछूते नहीं है। शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओ की कमी :उपाध्यक्ष रजत जैन कहा की कहने को तो नगीना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय है लेकिन उनमें मूलभूत सुविधाओं की कमी के साथ-साथ कर्मचारियों का भी टोटा है जिसकी वजह से जनता को स्वास्थ्य सेवाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है ।नगीना में राजकीय प्राथमिक पाठशाला से लेकर महाविद्यालय तक है लेकिन इनमें कई कर्मचारियों तो कहीं शिक्षकों के पद रिक्त होने की वजह से शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को उचित समय पर उचित मार्गदर्शन व शिक्षा नहीं मिल पाती है ।इसके अलावा भी कई कोर्स भी शिक्षण संस्थानों में उपलब्ध ना होने की वजह से शिक्षा ग्रहण करने के इच्छुक बालक बालिकाओं को मन मसोसकर रहना पड़ता है। कस्बे में कई आंगनवाड़ी केंद्रों को तो आज तक भी अपने भवन उपलब्ध नहीं हो पाए हैं ।जिसकी वजह से वो किराये के भवनों में चल रहे हैं। पार्किंग की व्यवस्था नहीं:कस्बा में वाहनों को उचित पार्किंग की कोई व्यवस्था ना होने की वजह से वाहन चालक परिचालक वाहनों को बीच रास्तो में आड़े तिरछे खड़े कर देते हैं जिसकी वजह से भी अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। डाकखाना में भी डाकपत्र पेटियों की कमी के साथ-साथ अन्य संसाधनों की भी भारी कमी है। जिसकी वजह से जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई विभागों के सरकारी कार्यालय ना वजह न होने की वजह से वह अधिकारियों के ना बैठने की वजह से जनता को अपनी शिकायत ,समस्याओं के समाधान व कार्यों को करवाने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है आखिर जनता की मांगे कब पूरी होगी और कब समस्याओं से निजात मिलेगी ।

जनसमर्थन सभाओं में उमड़ रहे जनसैलाब को देख विरोधियों की राजनीतिक जमीन खिसकी : मामन खान

कांग्रेस की सरकार बनते ही युवाओं को दिलाया जाएगा रोजगार : मामन खान।

विधानसभा क्षेत्र में जनता के मिल रहे प्यार और सम्मान का हमेशा आभारी रहूंगा। मामन खान

(अनिल मोहनियां नूंह)

शुक्रवार को फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस के प्रत्याशी मामन खान इंजीनियर ने क्षेत्र के दर्जनभर गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से वोट की अपील की। इस दौरान क्षेत्र के लोगों के उमड़े जनसैलाब का अभिवादन करते हुए विधायक मामन खान इंजीनियर ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही युवाओं को रोजगार दिलाया जाएगा। फिरोजपुर झिरका विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी मामन खान इंजीनियर ने शुक्रवार को क्षेत्र के दर्जन भर गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया, जहां उन्हें गांवों में पहुंचने पर जनता का अपार प्यार और भारी समर्थन मिला। इस दौरान आजाद सरपंच झारपुडी, जिला पार्षद फजरूद्दीन झारपुडी और जुम्मा खां पूर्व सरपंच झारपुडी ने गांव में पहुंचने पर एतिहासिक स्वागत किया। इतना ही नहीं गांव मल्लाहाका , तिगांव बुचाका, नीमखेड़ा सहित दर्जनों गांवों के लोगों को संबोधित करते हुए मामन खान ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर जहां बुढ़ापा पेंशन ₹6000 दी जाएगी, वही गैस सिलेंडर ₹500 में और 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का काम किया जाएगा। इतना ही नहीं हरियाणा प्रदेश के युवाओं को 2 लाख पक्की सरकारी नौकरी देने का भी काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र के युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए उनके प्रमुखता के साथ पहला कार्य होगा। उन्होंने कहा कि इन सबको लेकर कांग्रेस ने अपना मेनिफेस्टो भी जारी कर दिया है। मामन खान इंजीनियर ने जनसंपर्क अभियान के दौरान मिले जनता के अपार प्यार और समर्थन से खुश होते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों का जो प्यार और समर्थन उन्हें मिल रहा है। उसके लिए वह क्षेत्र की जनता का हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें 5 साल पहले विधायक बनाकर विधानसभा में भेजा था, लेकिन विपक्ष में रहते हुए उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी मुद्दों को विधानसभा में उठाया और उन्होंने करोड़ों रुपए के विकास कार्य भी कराए। उन्होंने कहा कि विधायक निधि से उन्होंने क्षेत्र के गांवों में विकास कार्य करने के साथ-साथ अपने क्षेत्र में जहां नहरी पानी और बिजली के कार्य कराए ,वहीं लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी दिलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि जब क्षेत्र के लोगों को उनकी जरूरत पड़ी तो वह हमेशा उनके सुख दुख में शामिल रहे और आगे भी आपके सुख-दुख में हमेशा शामिल रहेंगे। मामन खान ने झारपुडी और मललाहका गांव में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए मामन खान ने कहा कि आज जो लोग भाजपा और इनेलो के टिकट लाकर आपके बीच में आ रहे हैं, उन्होंने कभी भी 5 सालों में जनता के सुख-दुख में पहुंचकर जनता का हाल नहीं जाना, लेकिन आज टिकट लेकर आपके बीच में वोट की अपील करने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप लोग उनसे पूछे कि जब फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र के लोगों को आपकी जरूरत थी तो उस समय आप कहां थे और आज वोट मांगने क्यों आ रहे हैं? उन्होंने कहा कि मैं आपका भाई और बेटा हूं और हमेशा आपके बीच में रहा हूं, लेकिन आप लोगों ने जो मान और सम्मान मुझे दिया है उसके लिए मैं आप लोगों की हमेशा सेवा करूं तो वह भी कम है और मैं वादा करता हूं कि आप लोगों के बीच रहकर हमेशा आपकी सेवा करता रहूंगा। मामन खान ने कहा कि प्रदेश में आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनने जा रही है और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे और मेवात में सभी रुके हुए

विकास कार्यों को पूरा करने का काम किया जाएगा। जिससे मेवात की जनता एक बार फिर खुशहाल नजर आएगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हिंदू मुस्लिम के नाम पर मेवात को बांटना चाहते हैं, लेकिन मेवात के लोगों ने हमेशा इस हिंदू मुस्लिम भाईचारे को कायम रखते हुए मेवात में भाईचारे को बुलंद किया है और हमेशा करते रहेंगे। मामन खान ने कहा कि आपके मिल रहे प्यार और समर्थन से वह इस बार लगभग एक लाख वोटो से भी ज्यादा जीतने का रिकॉर्ड कायम करेंगे।

भाजपा प्रत्याशी कंवर संजय सिंह का समर्थन देख विपक्ष के उड़े तोते

इ

नूंह विधानसभा के गांव गोलपुरी,चिलावली,जयसिंह पुर,संगेल, रानीका, बुराका, हसन पुर सहित दर्जन भर गांवो में भाजपा उम्मीदवार कंवर संजय सिंह को भारी जन समर्थन मिला है। जन समर्थन के दौरान सेकडो कार्यकताओं ने इनेलो,कांग्रेस छोड़ भाजपा पार्टी में आस्था जताई है ।बता दें कि भाजपा प्रत्याशी कंवर संजय सिंह का दिन प्रतिदिन जनाधार बढ़ता ही जा रहा है। भाजपा प्रत्यासी कंवर संजय सिंह ने कहा की विधानसभा की युवा पीढ़ी और बुजुर्गो में इतना जोश व उत्साह पहली बार देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को कंवर संजय सिंह ने जनसंपर्क अभियान गोलपुरी,चिलावली,जयसिंह पुर,संगेल, रानीका, बुराका, हसन पुर सहित करीब दर्जन भर गांवो में दौरा किया। इस दौरान गांव के लोगो ने कंवर संजय सिंह का भव्य स्वागत किया और भरपूर समर्थन का भरोसा दिया। कंवर संजय सिंह को विधानसभा के लोगो का अपार जन समर्थन मिलने के साथ ग्रामीण काफिले के साथ गाजे बाजे के साथ समर्थन समारोह तक लेकर पहुंच रहे हैं। कुंवर संजय सिंह ने ग्राम वासियों के द्वारा किए गए इस शानदार स्वागत व अपने प्रति लगाव और प्यार व जनसमर्थन के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि हर जगह लोगों का इतना प्यार व समर्थन मिल रहा है कि हर कार्यक्रम में देरी से पहुंच रहे हैं फिर भी लोग बेसब्री से स्वागत के लिए इंतजार कर रहे हैं। वही लोगों के जोश ने विपक्षियों की नींद उड़ा दी है। उन्होंने कहा की प्रदेश में तीसरी बार पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है और हरियाणा प्रदेश फिर नॉन स्टॉप विकास की राह पर चलेगा। उन्होंने कहा की केवल ये जोश जज्बा हमें आगामी पांच अक्तूबर तक बरकरार रखना है। इस मौके पर नरेंद्र पटेल जिला अध्यक्ष नूह,जान मोहम्मद(चिलावली) नरेश गहलोत सोहना,एडवोकेट जाकिर हुसैन गोलपुरी, जैकम सरपंच,नरेश सरपंच संगेल,नूरू सरपंच रायपुरी, इजराउल रायपुरी,आशु रानिका,मुबीन बुराका, विनोद शर्मा हसनपुर, रामकिशन भगत जी छपेडा,शिव चरण,पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप आर्य,मुनेश फौजी सरपंच उजीना,बुधराम सरपंच संगेल,राजकुमार सहित समस्त गांव की सरदारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सलंबा, मालब, सौंख, दिहाना, उंटका, भंडगाका आदि में आफताब को जन समर्थन

(अनिल मोहनियां नूंह)

नूंह से कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी आफताब अहमद को सलंबा, मालब, सौंख, दिहाना, उंटका, भंडगाका आदि में शुक्रवार को भारी जनसमर्थन मिला जब सैंकडों लोगों ने बीजेपी इनेलो छोड़ कांग्रेस को समर्थन दे दिया। दिन के पहले समर्थन कार्यक्रम में आफताब अहमद को सलम्बा गांव में दर्जनों लोगों ने इनेलो बीजेपी आदि छोड़ कांग्रेस को समर्थन दे दिया जिसमें रोशन ,जावेद, फैयाज ,कादर , खुर्शीद , शाहिद, हुसियार ,नय्यम, शाहिद, हाबिल आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। वहीं मालब गांव में पीसीसी सदस्य महताब अहमद की अगुवाई में अय्यूब, रोशन, याकूब, शौकीन, रिजवान, अमजद, आमीन, साहुन, उमर मौहम्मद, अरशद आदि ने कांग्रेस के दामन थाम लिया। कांग्रेस में शामिल होने वाले लोगों को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। आफताब अहमद और महताब अहमद ने नए लोगों को पूरा मान सम्मान देने का भरोसा दिलाया। वहीं सौंख गांव में कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद का जोरदार स्वागत व समर्थन किया गया। युवाओं के साथ साथ बुजुर्ग और महिलाओं का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान कांग्रेस को हासम सरपंच, सद्दाम ,हसन, कमरू, स्तम, असलम, मास्टर महराब, हाकम, ताहिर, रहिसु, मकसूद, जुम्मा, आसू, सरपु, मजीद, शौकत, खल्ली, हाजी जुम्मा, हाजी दीनू, मोहम्मद आरिफ, जाहिद, अहमद, रसीद, अख्तर,उमरदिन, वसीम, अब्दुल, एक्स सरपंच जफरु, इस्तियाक, हाजी जानू, हक्कू, सद्दीक, हाजी मुबारिक, अब्दुल निजर खाँ, अली खाँ, बीरबल सहित सैंकड़ों लोगों ने समर्थन दिया। उधर दिहाना गांव में कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को अब्दुल जब्बार, शेर खान, शाहबाज सरपंच, फज्जर, साहबद्दीन आदि ने समर्थन दिया।

उंटका गांव में कबीर, हाजी आतून एक्स सरपंच, नसीबा एक्स सरपंच, मिरदीन, नजीर, रशीश, आलम, खुर्शीद, साहुन, जकरिया, मुसेखा ने इनेलो बीजेपी आदि छोड़ कांग्रेस को समर्थन दे दिया। वहीं भंडगाका गांव में कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को दर्जनों लोगों का समर्थन मिला जिसमें मास्टर सरफुद्दीन, मम्मन फोरमैन, जाकिर, सलामु, आरिफ एडवोकेट, रिफाकत अली, हनीफ, बसरूद्दीन, जफरुद्दीन, हाजी कमल खाँ, हारून, साहिमल, जावेद, मोहम्मद शाहिद, बरसत शामिल हैं। आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य कानूनी गारंटी दी जाएगी, जाति आधारित सर्वेक्षण किया जाएगा, साथ ही 18 से 60 साल तक की महिलाओं के लिए हर महीने 2000 रुपये की राशि दी जाएगी। आफताब अहमद ने कहा कि वृद्धों, दिव्यांगो और विधवाओं को हर महीने छह छह हजार रुपये की पेंशन, दो लाख सरकारी नौकरियों, 300 यूनिट बिजली मुफ्त, 25 लाख रुपये का मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए भूखंड और दो कमरों के मकान दिया जायगा। इसके अलावा कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी सरकार के दस सालों में विफलताओं और नाकामियों का अंबार है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, शून्य होती कानून व्यवस्था, बिजली की कि ल्लत, सिंचाई के पानी का अभाव, पीने के पानी की ज़िले के कि ल्लत, सड़कों की खस्ता हालात, ज़िले में शिक्षकों की कमी, डॉक्टरों की कमी, इलाज का अभाव जैसे बहुत मामले हैं। कांग्रेस सरकार बनने पर नूंह के लिये विशेष वचन पत्र भी घोषित किया है। 20 मुख्य वायदों को भी वचन पत्र में शामिल रख उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। जिसमें शिक्षकों की कमी पूरी करना, इसके अलावा विश्वविद्यालय बनाने से लेकर मेडिकल कॉलेज की सेवाओं में सुधार, नए कॉलेज बनाना, नए अस्पताल बनाना, जल भराव व सैम ग्रस्त कृषि भूमि का समाधान, सिंचाई के लिए साफ और पूरा पानी, बिजली- पानी की आपूर्ति के काम तुरंत शुरू करेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कहा कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस की लहर है, पार्टी 75 से अधिक सीटें जीतकर सरकार बनाने जा रही है जिसमें नूंह के हर नागरिक की पूरी भागीदारी रहेगी।

अग्रवाल वैश्य समाज के लोगों ने भाजपा प्रत्याशी

नसीम अहमद को दिया पुरजोर समर्थन

(अनिल मोहनियां नूंह)

हरियाणा प्रदेश में चल रहे विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए भाजपा मण्डल कार्यकारणी के लोग विभिन्न समुदाय एवं संप्रदायों के लोगों की सूची तैयार कर उनके मुखियाओं के साथ बैठक कर भाजपा पार्टी एवं प्रत्याशी वोट की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में हर समाज एवं वर्ग के लोग अपने समुदायों में पंचायत कर किस प्रत्याशी को मत देना है, उसका फैसला ले रहें है। इसी क्रम में फिरोजपुर झिरका अग्रवाल वैश्य समाज के लोगों ने सिविल लाईस रोड़ अग्रसेन मंदिर के प्रांगण में एक बड़ी बैठक का आयोजन किया और भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद का फूल माला पहना उनका अभिवादन किया। वहीं अग्रवाल महासभा के प्रधान डॉ यतेन्द्र गर्ग ने नसीम अहमद को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए की अग्रवाल वैश्य शांति के मार्ग पर चलने वाला समाज है और हिंसा से दूरी बनाता आया है तथा इस वर्ग ने "अहिंसा परमो धर्म" के नारे को सार्थक माना है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद की स्वच्छ सभी एवं कोमल व्यवहार को मध्य नजर रखते हुए अग्रवाल वैश्य समाज के लोगों ने भाजपा प्रत्याशी को ज्यादा से ज्यादा वोट देने बात कही। वहीं भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद ने कहा मैं और मेरे मरहूम वालिद साहब चौधरी शकरुल्ला खां जब पूर्व में मंत्री रहे तो बाजार में सुख शांति बनाए रखने का काम किया और किसी प्रकार की अनियमिता को हावी नहीं होने दिया और विशेष परिस्थितियों में भी बाजार के लोगों के साथ सदैव खड़े रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीते एक वर्ष पूर्व हुए नूंह में दंगा भड़काने का कार्य किया है। इसकी हम कड़ी निंदा करते हैं और ऐसे व्यक्ति का बहिष्कार करते हैं। जो मेवात का वर्षों भाईचारा खराब करने की बात करते हैं। सभी अग्र बंधु भाइयों से प्रार्थना करते हैं कि ज्यादा से ज्यादा से ज्यादा वोट देकर अपने भाजपा प्रत्याशी को विजय बनाएं और प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाने का कार्य करें। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद को अग्रवाल महासभा के लोगों ने पुरजोर समर्थन दिया। इस मौके पर अग्रवाल महासभा के

जिलाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, भाजपा मंडलाध्यक्ष रमेश आर्य, नपा चेयरमैन मनीष जैन, सुनील जैन, राहुल जैन, अग्रसेन गोयल, नवीन जैन, जितेंद्र गोयल, विधानसभा संयोजक जतिन बुसरी, जिला मीडिया प्रभारी गौरव जैन,टेकचंद गर्ग, राधेश्याम खंडेलवाल, नरदेव आर्य सहित काफी संख्या में अग्रवाल महासभा, भाजपा कार्यकारणी एवं अन्य समाज के लोग मौजूद रहे।

आम आदमी पार्टी बनेगी किगंमेकर: प्रवेश मेहता

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। आम आदमी पार्टी फरीदाबाद शहर के उम्मीदवार प्रवेश मेहता ने कहा कि इस बार के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी किगंमेकर बनकर उभरेगी और इसके बिना किसी की भी सरकार नहीं बनेगी। इस बार शहर की जनता दिल्ली की बेहतरीन चिकित्सा और शिक्षा व्यवस्था को देखते हुए आप के पक्ष में भारी मतदान करके केजरीवाल जी के हाथों को मजबूत करेगी।

प्रवेश मेहता ने कहा कि पहले कांग्रेस और फिर भाजपा के विधायकों यहां के लोगों से झूठे लोकलुभावन वायदे करके सत्ता पर काबिज हुई लेकिन अब जनता जान चुकी है और आने वाली 5 अक्टूबा को झाड़ू चुनाव चिन्ह का बटन दबाकर इनके अरमानों पर पानी फेर देगी। प्रवेश मेहता ने कहा कि जनता इस बार विकास को चुनेगी नाकि विनाश को।

बार एसोसिएशन ने दिया विपुल गोयल एवं राजेश नागर को पूर्ण समर्थन

आप लोगों ताकत और आशीर्वाद जिसके साथ उसे जीतने से कोई नहीं रोक सकता : विपुल गोयल

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विपुल गोयल का प्रचार दिन-प्रतिदिन जोर पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन ने सेक्टर-12 ने उनका जोरदार स्वागत किया। बार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष जोगेन्द नरवत एवं मनीष राघव ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। सभी वकीलों ने विपुल गोयल को समर्थन देते हुए जीत का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी विपुल गोयल ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत से आ रही है और हम चाहते हैं कि बार एसोसिएशन इस यज्ञ में अपनी आहुति डालने का काम करे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में अपने देश में भाजपा की सरकार में जो परिवर्तन हुए वो देखे हैं। विपुल गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने ऐसा काम किया है कि कुछ ही दिनों में एक्सप्रेसवे का काम पूरा होने के बाद 40 मिनट में जेवर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। आईएमटी को विकसित करने का काम हमने किया और

हजारों लोगों को रोजगार देने का काम किया। विपुल ने कहा कि 2024 के चुनावों में हमारे अधिवक्ता भाई अगर अपना मन बना लें कि फिर से एक बार प्रदेश में कमल खिलाना है तो कोई ताकत नहीं जो भाजपा को आने से रोक सके। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने आशीर्वाद दिया तो हम भरोसा दिलाते हैं फरीदाबाद में विकास की रफ्तार को हवाई जहाज से भी तेज कर देंगे। हम भरोसा दिलाते हैं, जो विश्वास आप लोगों ने हम पर दिखाया है, उस भरोसे को टूटने नहीं देंगे।

जिला बार एसोसिएशन को सम्बोधित करते हुए तिगांव प्रत्याशी राजेश नागर ने कहा कि वकीलों का समाज में प्रभाव होता है और समाज के लोग उनसे जुड़े होते हैं। इसलिए उनको विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देकर मजबूती प्रदान करने में अपना सहयोग देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2014 में भारत में भाजपा की सरकार बनने के बाद विकास की गति ने रफ्तार पकड़ी और हम चाहते हैं कि जो सरकार देश में हो, वही प्रदेश में होनी चाहिए। क्योंकि ऐसा होने पर विकास का पहिया तेजी से चलने लगता है। उन्होंने कहा कि देश के जिन राज्यों में दूसरी पार्टी की सरकार है, वहां की स्थिति आप देख सकते हैं। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने जो घोषणाएं की, वो आज लोगों को देने में असमर्थ साबित हो रहे हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लिखा है कि अगर उनकी सरकार आई तो कश्मीर में फिर से धारा 370 लगा देंगे, क्या आप चाहते हैं देश में फिर से धारा 370 लगे। इसलिए अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार को लाने में सहयोग करें।

बार के वरिष्ठ वकीलों एवं पूर्व प्रधानों ओ पी शर्मा, जे पी अधाना, एन के गर्ग, नरेन्द्र अत्री, राजेश बैसला, ए के मित्तल, के पी सिंह, हरीशचन्द्र, एम एस राकेश, टीका डागर, संजय, विजय शर्मा, रविन्द्र पाराशर, दीपक बख्शी, वीरेंद्र डागर, दीपक गेरा, नकुल चपराना, महेन्द्र बीसला, के पी सेतिया, प्रदीप शांडिल्य, कंवर दलपत सिंह, शिवदत्त वशिष्ठ, सी पी पराशर, विनीत बजाज, देवीराम बघेल, महेन्द्र, जितेन्द्र, सतीश शर्मा, कृपाराम, सतीश अम्बाला, रमेश भारद्वाज, राजकुमार, रंजना शर्मा, उमा सिंह, मीनू, सारिका ने विपुल गोयल एवं राजेश नागर का स्वागत किया।

भाजपा सरकार ने दस सालों में की बडखल क्षेत्र की कायाकल्प : धनेश अदलक्खा

भाजपा प्रत्याशी को चुनावी अभियान के दौरान मिला लोगों का अपार समर्थन

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। बडखल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा को मिल रहे छत्तीस बिरादरी के समर्थन से उनकी स्थिति दिनोंदिन मजबूती होती जा रही है। अपने चुनावी अभियान के तहत धनेश अदलक्खा ने एसजीएम नगर, एसी नगर, सेक्टर-46, एनआईटी-2 डी ब्लाक, तीन नंबर पुलिया नेहरू कालोनी में जनसंपर्क अभियान चलाते हुए लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान जगह-जगह धनेश अदलक्खा को लोगों ने फूल मालाओं से लाद दिया और उन्हें भरोसा दिलाया कि बडखल के समुचित विकास के लिए वह फिर से कमल खिलाने का काम करेंगे। सभाओं में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी

धनेश अदलक्खा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झूठे वायदे नहीं करती बल्कि जो वायदा करती है, उसे बखूबी निभाती भी है। पिछले दस सालों के दौरान हरियाणा में भाजपा ने जो विकास का पहिया चलाया, वह सभी 90 विधानसभाओं में समान रुप से चला। आज शहरी क्षेत्र हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र हर जगह विकास ही विकास नजर आता है। उन्होंने बडखल क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले दस सालों में यहां भी भाजपा सरकार ने विकास में कोई कोर कसर बाकि नही छोड़ी। सडकों का जाल बिछाया, अतर्राष्ट्रीय स्तर का बस अड्डा बनवाया, ऐतिहासिक बडखल झील को भरने का काम किया, साथ ही साथ पूरे क्षेत्र के साथ-साथ सैनिक कालोनी में सडकों का जाल बिछाया, लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए भरसक प्रयास किए। अदलक्खा ने कहा कि भाजपा ने भय, भ्रष्टाचारमुक्त शासन लोगों को दिया, बिना पर्ची खर्ची नौकरियां दी, जबकि कांग्रेस राज में नौकरियों की बंदरबांट होती थी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि बडखल के विकास और प्रदेश के सुरक्षित भविष्य के लिए पांच अक्टूबर को कमल का बटन दबाएं और प्रदेश में फिर से तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का काम करे। इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, निवर्तमान महापौर सुमन बाला, पूर्व पार्षद सरदार जसवंत सिंह, मनोज नासवा, अमित आहुजा आदि अनेकों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के फरीदाबाद जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह बक्शी ने भाजपा ज्वाइन की

जनता के आशीर्वाद से हरियाणा में कमल खिलेगा, तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनेगी : राजकुमार वोहरा

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों से प्रभावित होकर लगातार दूसरी पार्टियों के नेता और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। चुनाव के समय में भाजपा लगातार मजबूत हो रही है। भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह बक्शी को ठाकुर उमेश भाटी ने भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के नेतृत्व मे भाजपा मे ज्वाइन करवाया। राजकुमार वोहरा ने उनको पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा में उनका स्वागत किया और पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, मनोज वशिष्ठ, उमेश भाटी, राज मदान और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा का पटका पहनने

के बाद देवेन्द्र सिंह बक्शी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों से बहुत प्रभावित हुआ हूँ। जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा को विश्वास दिलाता हूँ कि विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए मैं और मेरे कार्यकर्ता पूरी मेहनत करेंगे और हर एक वोट कमल पर डलवाकर फरीदाबाद की सभी विधानसभाओं मे कमल खिलाने का काम करेंगे। भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि देवेन्द्र सिंह बक्शी अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ मिलकर पार्टी को और आगे बढ़ाएंगे व भाजपा एवं मोदी जी के हाथ को मजबूत करेंगे। श्री वोहरा ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास पर चलने वाली पार्टी है। अन्य पार्टियों के नेता भी पार्टी की नीतियों से लगातार प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी को ज्वाइन कर रहे हैं, यही कारण है कि आज भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं की मेहनत पर लगातार चुनाव जीत रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 10 वर्षों में देश और प्रदेश को विकसित होने की राह पर तेजी से आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत और सुरक्षित हुआ है। गरीब, युवा, महिला और किसान हित में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने अनेकों योजनाएं बनाकर उन्हें सशक्त करने का काम किया है। हरियाणा में माहौल भाजपा के पक्ष में है और हरियाणा की जनता ने प्रदेश मे भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने का मन बना लिया है। श्री वोहरा ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से 8 अक्टूबर को हरियाणा में कमल खिलेगा और तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

एनआईटी क्षेत्र की छत्तीस बिरादरी लड़ रही मेरा चुनाव : नगेंद्र भड़ाना

लोगों ने दिया इनेलो-बसपा संयुक्त प्रत्याशी को विजयश्री का आर्शीवाद

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। एनआईटी विधानसभा क्षेत्र से इनेलो-बसपा के संयुक्त प्रत्याशी नगेंद्र भड़ाना ने कहा है कि वह पिछले करीब 20 सालों से एक लायक बेटे की तरह क्षेत्र की सेवा में समर्पित है। पिछले पांच सालों के दौरान विधायक न होने के बावजूद भाजपा सरकार के साथ मिलकर उन्होंने एक जनप्रतिनिधि की तरह क्षेत्र में हरसंभव विकास कार्य करवाएं। उन्होंने कहा कि बेशक भाजपा पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया, लेकिन उनकी असली टिकट एनआईटी 86 की जनता है और जनता जनार्दन अपना आर्शीवाद देकर उन्हें इस बार भारी मतों से विजयी बनाकर चंडीगढ़ भेजने का काम करेगी। श्री भड़ाना अपने चुनावी अभियान के तहत सुंदर कालोनी, बाबा मंडी, सारन गांव, संजय एंक्लेव, राजीव कालोनी, जवाहर कालोनी, ललित मंडी, पर्वतीया कालोनी, नंगला एंक्लेव, जीवर नगर आदि में सभाएं संबोधित कर लोगों से अपने पक्ष में मतरुपी समर्थन मांगा। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने नगेंद्र भड़ाना का लोगों ने फूल मालाओं से सम्मान रुपी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया और भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि पिछले करीब दो सालों के दौरान उन्होंने एनआईटी क्षेत्र के हर घर पर दस्तक दी है, लोगों की समस्याएं जानी है, लोगों के

सुख-दुख में भागेदारी निभाई है, एनआईटी की जनता उनका परिवार है और अब समय आ गया है, जब क्षेत्र के लोग उन्हें आर्शीवाद रुपी मत देकर हरियाणा विधानसभा में भेजे ताकि वह उनकी समस्याओं का जड़मूल से समाधान करवा सके। उन्होंने कहा कि एनआईटी क्षेत्र का समुचित विकास करवाना उनका एकमात्र लक्ष्य है और अपने इस लक्ष्य को वह सभी को साथ लेकर पूरा करेंगे।

कांग्रेस धर्म-जाति के नाम पर करती है लोगों को बांटने का काम : पं. टेकचंद शर्मा

भाजपा प्रत्याशी का कई गांवों में हुआ जोरदार स्वागत

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। पृथला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा ने कहा है वह विकास के नाम पर जनता के बीच समर्थन मांगने जा रहे है, जब विधायक थे, तब हरसंभव विकास किया और आगे बनेंगे तो पृथला क्षेत्र का योजनाबद्ध तरीके से विकास करेंगे। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस धर्म-जाति के नाम पर लोगों को बांटने का काम करती है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी विकास और भाईचारे में भरोसा रखती है इसलिए क्षेत्र के विकास और भाईचारे के लिए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करे। श्री शर्मा अपने चुनावी अभियान के तहत गांव सिकरौना, नंगला जोगियान, प्याला, डीग में आयोजित सभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गांवों की मौजिज सरदारी ने उन्हें सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर, माला पहनाकर एवं पेठे की मिठाई से तौलते हुए उनका स्वागत किया और उन्हें पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया।

लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी टेकचंद शर्मा ने कहा कि 2014 में आपने मुझे बसपा की टिकट पर चुनकर विधानसभा में भेजा था, भाजपा के 47 विधायक चुने गए और सरकार बनी। उस सरकार में शामिल होकर मैंने क्षेत्र की जनता को निराश नहीं होने दिया और करीब 2500 करोड़ के रिकार्ड विकास कार्य करवाए। उन्होंने कहा कि सौ एकड़ में बनी विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी क्षेत्र के लिए शिक्षा का हब बनकर भर रही है, 1400 करोड़ की लागत से बनी यह संस्था, बच्चों को शिक्षित करके उन्हें रोजगार उपलब्ध करवा रही है, मैं रहूं न रहूं लेकिन यह संस्था ऐसे ही पृथला क्षेत्र के भविष्य को उज्जवल बनाती रहेगी। उन्होंने कहा कि अपने

विधायक कार्यकाल में उन्होंने रेनीवेल परियोजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाने का कार्य किया, ऐसा कार्य, जो पिछले विधायक कभी नहीं कर पाए। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी पर आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक रहते हुए उन्होंने क्षेत्र की जनता के हकों पर कुठाराघात कर अपने परिवार के सदस्यों को नौकरियां दिलवाई, इसलिए ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। श्री शर्मा ने कहा कि पृथला क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति से भली भांति परिचित है और अगर आपने आर्शीवाद दिया तो इसे और विकसित क्षेत्र बनाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि आपके द्वारा दिया गया एक-एक वोट मुझे मजबूत करेगा और पृथला क्षेत्र के लिए विकास के द्वार खोलेगा।

फरीदाबाद विधानसभा बनेगी श्रेष्ठ एवं विकसित : विपुल गोयल

विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने किया भाजपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विपुल गोयल ने कहा कि फरीदाबाद विधानसभा श्रेष्ठ एवं विकसित विधानसभा बनेगी, यह मेरा आपसे वादा है। इसलिए आने वाली 5 तारीख को अपना कीमती वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में डालें और हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराने में सहयोग दें।

भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विपुल गोयल का सेक्टर-10 स्थित राजस्थान भवन में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा स्वागत कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर राजस्थान एसोसिएशन, तेरापंथ सभा मैत्री मंडल, मारवाड़ी युवा मंच, रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ग्रेस, आरडबल्यूए सेक्टर 9, मानव सेवा समिति, संकट मोचन हनुमान मंडल सहित कई सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जोरदार स्वागत किया गया। वहीं एस पी अग्रवाल,पवन गुप्ता, रमेश झंवर, गौतम चौधरी, विनोद गर्ग, अरुण बजाज सहित कई समाजसेवी और उद्योगपतियों ने विपुल गोयल का जोरदार स्वागत करते हुएं फूलों की बड़ी माला, गदा ,मेमेंटो और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विपुल गोयल ने कहा कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता उनका परिवार है और परिवार को सहूलियत उपलब्ध कराना मेरा धर्म है। मैं अपने धर्म को भली भांति पालन करना जानता हूं।

इस मौके पर उपस्थित लोगों ने पूरे जोश एवं समर्पण के साथ विपुल गोयल को आशीर्वाद दिया और कहा कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए विपुल ही एकमात्र विकल्प है। भवन में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विपुल गोयल ने कहा कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में 5 साल नॉन स्टॉप विकास कार्य कराने का मैं जिम्मा लेता हूं। इसलिए मेरा सहयोग करें और मुझे विश्वास दें, फरीदाबाद में एक बार फिर से जीत का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

कांग्रेस राज में ही पृथला को मिल सकता है रोजगार व विकास : रघुबीर तेवतिया

पृथला क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी ने एक दर्जन चुनावी सभाओं में मांगा समर्थन

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। पृथला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर सिंह तेवतिया ने शुक्रवार को क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक चुनावी सभाओं को संबोधित कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने मोहला, हरफला, नंगला जोगियान, भनकपुर, जवां व चंदावली में आयोजित चुनावी सभाओं में मौजूद हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों का उत्साह देखने लायक था तथा उन्हें सभास्थल तक एक विशाल काफिले के साथ लाया गया। रास्ते में वह जहां-जहां से वह चले वहां-वहां उनके ऊपर पुष्पवर्षा

की गई जो नजारा देखने लायक था वहीं अबकी बार रघुबीर तेवतिया के नारों के साथ वातावरण को कांग्रेसमय बनाकर अपने खुले समर्थन का भी ऐलान किया गया। इस दौरान लोगों ने उनका पगड़ी बांधकर अपना समर्थन दे विजयश्री का आर्शीवाद भी दिया। सभाओं में लोगों को संबोधित करते हुए रघुबीर तेवतिया ने कहा कि पहले भी कांग्रेस की ही सरकार ने पृथला क्षेत्र को विकास के मामले में ऊंचा उठाया था अब फिर से कांग्रेस ही पृथला को ही पुरानी पहचान कायम करेगी। क्योंकि भाजपा ने दस साल के शासनकाल में सिवाय झूठ-लूट व भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया है और आज पृथला अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। उन्होंने लोगों से भावनात्मक अपील की कि अगर अपने बच्चों का भविष्य और पृथला को विकास की पटरी पर देखना चाहते हैं तो वह कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने लोगों को आश्वास्त किया कि यह रघुबीरा की गारंटी है कि पृथला क्षेत्र में ईमानदारी से कार्य करते हुए क्षेत्र को शिक्षा, चिकित्सा, सडकों, व रोजगार के क्षेत्र में अव्वल क्षेत्र बनाया जाएगा।

संपादकीय

पर्यटन से पनपती है शांति एवं मुस्कान की उम्मीद

नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

विश्व पर्यटन दिवस दुनियाभर में पर्यटन के महत्व और इसके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभाव को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। हर साल 27 सितंबर को आयोजित होने वाला यह दिन अंतरराष्ट्रीय एकता, शांति, सौहार्द और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने में पर्यटन की शक्ति की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित करता है। इस दिवस की 2024 की थीम है 'पर्यटन और शांति।' दुनिया में शांति एवं अयुद्ध को बढ़ावा देने में पर्यटन की भूमिका महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह अंतर-सांस्कृतिक बातचीत को प्रोत्साहित करता है। लोग जितना अधिक यात्रा करते हैं, उतना ही वे विविध संस्कृतियों का अनुभव करते हैं, जिससे अधिक सहिष्णुता और समझ विकसित होती है, एक दूसरे के नजदीक आने का अवसर मिलता है। इससे शांति, अमन एवं सौहार्द का वातावरण निर्मित होता है। पर्यटन बाधाओं को तोड़ सकता है और राष्ट्रों के बीच स्थायी बंधन बना सकता है। यह रोजगार प्रदान करके और स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देकर स्थानीय समुदायों को ऊपर उठाने में भी मदद करता है, इस प्रकार क्षेत्रों की दीर्घकालिक शांति और समृद्धि में योगदान देता है। पर्यटन न केवल एक आर्थिक चालक है, बल्कि एक अधिक समावेशी और शांतिपूर्ण दुनिया बनाने का एक साधन भी है। पर्यटन क्षेत्र वैश्विक अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देता है और लाखों नौकरियाँ प्रदान करता है। यह स्थानीय व्यवसायों का समर्थन करता है और सामुदायिक बुनियादी ढाँचे में निवेश को प्रोत्साहित करता है। पर्यटन लोगों को अपनी संस्कृतियों, परंपराओं और ज्ञान को साझा करने का अवसर देता है। यह आदान-प्रदान सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और विविध समुदायों के बीच सम्मान, सौहार्द, सद्भावना और समझ को बढ़ावा देने में मदद करता है। संधारणीय पर्यटन प्रथाएँ यात्रियों को पर्यावरण की रक्षा करने और जिम्मेदारी से यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। इससे पारिस्थितिकी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलती है और हमारे ग्रह की बेहतर देखभाल को बढ़ावा मिलता है। पर्यटन से स्थानीय क्षेत्रों में बेहतर सुविधाएँ और सेवाएँ मिल सकती हैं, जिससे आगंतुकों और निवासियों दोनों को लाभ होगा। यह विकास स्थानीय समुदायों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा सकता है।

भारत में पर्यटन उद्योग ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई है। पर्यटन क्षेत्र द्वारा 2024 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 21.15 ट्रिलियन रुपये (लगभग 253 बिलियन डॉलर) जोड़ने का अनुमान है, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। भारत विश्व स्तर पर पाँचवाँ सबसे बड़ा यात्रा और पर्यटन बाजार बनने के लिए तैयार है, जिसका अनुमान है कि 2027 तक आउटबाउंड पर्यटन व्यय 89 बिलियन डॉलर तक पहुँच जाएगा, जो 2019 में 38 बिलियन डॉलर था। भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। भारत में अपने लोगों के साथ लाखों विदेशी लोग प्रतिवर्ष भारत घूमने आते हैं। भारत में पर्यटन की उपयुक्त क्षमता है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों या खूबसूरत समुद्री-तटों की यात्रा पर निकले हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में तो लोगों को घूमते-घूमते महीना बीत जाते हैं।

2024 के लिए, इतिहास, संस्कृति और लुभावने परिदृश्यों से समृद्ध देश जॉर्जिया विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी करेगा। जॉर्जिया पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के चौराहे पर स्थित है, जो संस्कृतियों का एक अनूठा मिश्रण पेश करता है। यह अपने प्राचीन चर्चों, वाइन क्षेत्रों और आश्चर्यजनक पर्वत श्रृंखलाओं के लिए प्रसिद्ध है। जॉर्जिया का पर्यटन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है, जिससे लाखों अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आकर्षित हो रहे हैं। अपने खूबसूरत नजारों के साथ, जॉर्जिया यह दिखाने के लिए एकदम सही जगह है कि पर्यटन किस तरह शांति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है। पर्यटन का महत्व और पर्यटन की लोकप्रियता को देखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1980 से 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया। पर्यटन दिवस को वैश्विक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास हेतु मील के पत्थर के रूप में देखा जाता है एवं इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व में इस बात को प्रसारित तथा जागरूकता फैलाने के लिए हैं कि किस प्रकार पर्यटन वैश्विक रूप से, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा आर्थिक मूल्यों को तथा आपसी समझ बढ़ाने में सहायता कर सकता है।

हर व्यक्ति किसी-ना-किसी परेशानी से घिरा हुआ है, भय और जीवनसंकट के इस दौर में ऐसा लगता है मानो खुशी एवं मुस्कान तो कहीं गुम हो गई है। बावजूद इन सबके हर व्यक्ति को अपने जीवन में कुछ समय ऐसा जरूर निकालना चाहिए जिसमें खुशी, शांति एवं प्रसन्नता के पल जीवंत हो सके, इसका सशक्त माध्यम है पर्यटन। पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को वापस लाने में ही मदद नहीं करेगा बल्कि यह किसी भी देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी बनेगा। कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है। यूरोपीय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और भारत आदि ऐसे देश हैं जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। भारत जैसे देशों के लिए पर्यटन का खास महत्व है। देश की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्रोत है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। आज भारत जैसे देशों को देखकर ही विश्व के लगभग सभी देशों में पुरानी और ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षण, संवर्द्धन किया जाने लगा है।

भारत में प्राचीन समय से पर्यटन की व्यापक संभावनाएं एवं संथितियां रही है, लेकिन एक समय ऐसा आया जब भारत के पर्यटन स्थल खतरे में नजर आने लगे और लगने लगा कि शायद अब भारत पर्यटक स्थल के नाम पर पर्यटकों की पहली पसंद नहीं रहेगा। दुनिया में आई आर्थिक मंदी और आतंकवाद के चलते ऐसा लगने लगा कि पर्यटक अब भारत का रुख करना पसंद नहीं करेंगे, पर ऐसा नहीं हुआ। भारत की सांस्कृतिक और प्राकृतिक सुन्दरता इतनी ज्यादा है कि पर्यटक ज्यादा समय तक यहां के सुन्दर नजारे देखने से दूर नहीं रह सके। यही वजह है कि भारत में विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूरगामी सोच से अनेक पर्यटन योजनाओं को लागू किया है। वे खुद भी पर्यटन को प्रोत्साहन देने को तत्पर रहते हैं, पिछले दिनों उनकी लक्षद्वीप की यात्रा एवं आम चुनाव के बाद कन्याकुमारी में विवेकानन्द आश्रम में एकान्त साधना से इन स्थलों के पर्यटन को अनायास ही प्रोत्साहन मिला। सरकार द्वारा विभिन्न शहरों के लिये अलग-अलग योजनाएं भी लागू की गयीं हैं। भारतीय पर्यटन विभाग ने 'अतुल्य भारत' नाम से अभियान चलाया था। इस अभियान का उद्देश्य भारतीय पर्यटन को वैश्विक मंच पर प्रोत्साहित करना था जो काफी हद तक सफल हुआ।

जनता ने दिया आर्शीवाद तो नए विजन के साथ करेंगे कॉलोनियों का विकास : ललित नागर

पंचायती उम्मीदवार का कालोनियों की सभाओं में हो रहा जोरदार स्वागत

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। तिगांव विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक एवं पंचायती उम्मीदवार ललित नागर ने अपने चुनावी अभियान के तहत हरकेश कालोनी, छज्जन नगर, धीरज नगर, सूर्या विहार पार्ट-2, शिव कालोनी, मोती कालोनी, टीटू कालोनी सहित कई कालोनियों में तूफानी दौरे करके सभाओं को संबोधित किया और लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान जगह-जगह ललित नागर का लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और हरकेश कालोनी में छत्तीस बिरादरी की ओर से उन्हें सम्मान रुपी पगड़ी बांधी गई और लड्डूओं से तौला गया। लोगों से मिले प्यार व आर्शीवाद से भाव-विभोर ललित नागर ने कहा कि उन्हें बड़ा दुख होता है, जब वह अपने क्षेत्र की कालोनियों की दुर्दशा देखते हैं, यहां के लोग पीने के पानी की कमी, टूटी सडक़ें ओवरफ्लो सीवरेज, कीचड़ से अटी गलियां, गंदगी के ढेर जैसी समस्याओं को सहने को मजबूर हैं। पिछली बार लोगों ने भाजपा विधायक को इसलिए जिताया ताकि केंद्र व प्रदेश में उनकी सरकार है और वह उनकी कालोनियों का विकास करेंगे, लेकिन विधायक महोदय विकास करवाना तो दूर पांच सालों तक यहां लोगों के सुख-दुख में भी शामिल नही हुए। उन्होंने कहा कि आज वह उस पार्टी से आजाद हो गए, जिस पार्टी को उन्होंने 20 सालों तक अपने खून-पसीने से सींचने का काम किया, तिगांव क्षेत्र में जिस पार्टी का झंडा बुलंद किया, लेकिन उन्हें इस बात कतई दुख नहीं है क्योंकि आज छत्तीस बिरादरी का प्यार उनके साथ है, तिगांव क्षेत्र की माताएं-बहनों का आर्शीवाद उनके साथ है और जनता के आर्शीवाद वह इस चुनाव को जीतेंगे और दिखला देंगे कि सबसे बड़ी पार्टी जनता जनार्दन होती है।

श्री नागर ने लोगों से कहा कि आज मैं आपके बीच किसी पार्टी का उम्मीदवार बनकर नहीं बल्कि आजाद उम्मीदवार के रुप में आया हूं और आपको विश्वास दिलाता हूं कि आप मुझे पांच अक्टूबर को 'नारियल के पेड़' पर ईवीएम का 10 नंबर बटन दबाकर भारी मतों से जिताकर विधानसभा में भेजो, हरियाणा में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार बने, हम उसी का समर्थन करेंगे, जो हमारे क्षेत्र की कालोनियों का विकास करेगा। हम चाहते हैं कि यहां के लोगों पीने का पानी मिले, बेहतर सीवरेज सिस्टम मिले, साफ गलियां, पक्की सडक़ेंसहित स्वच्छ वातावरण मिले। इस दौरान लोगों ने दोनों हाथ उठाकर ललित नागर का समर्थन किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि इस बार लोग उनके पक्ष में मतदान करके तिगांव क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में अपना सहयोग देंगे।

कांग्रेस सरकार बनने पर नहरपार की कालोनियों का होगा समग्र विकास : लखन सिंगला

कांग्रेस प्रत्याशी का गांव बुढैना में हुआ भव्य स्वागत

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला चुनावी अभियान के तहत बीती रात गांव बुढैना में जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व पार्षद सुमेश चंदीला के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में गांव की सरदारी की ओर से उन्हें पूर्ण समर्थन देत हुए भारी मतों से विजयी बनाने का आश्वासन दिया। समाज की ओर से मिले मान-सम्मान से गद्गद् लखन कुमार सिंगला ने कहा कि नहरपार क्षेत्र भी फरीदाबाद का अभिन्न अंग है, इस क्षेत्र को पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार में बसाया गया था, लेकिन 2014 में भाजपा की सरकार आने के बाद यह क्षेत्र विकास के महरूम रह गया। पिछले दस सालों में यहां की अधिकांश कालोनियां बिजली, पानी, जलभराव, सीवरेज, सडक़ें जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। विकास के नाम पर यहां एक ईट तक नहीं लगी, बरसातों में तो यहां हालात और बद से बदत्तर हो जाते है। उन्होंने मंच से ऐलान करते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है और उसके बाद नहरपार की सभी कालोनियों का समग्र विकास किया जाएगा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि 2014 से 2019 तक भारी भरकम मंत्री रहने के बावजूद उन्होंने फरीदाबाद का विकास नहीं किया। अब जब भाजपा ने उन्हें टिकट दे दी है तो वह फरीदाबाद के विकास की बात करते है। सिंगला ने कहा कि भाजपा डूबता जहाज है और कांग्रेस उगता हुआ सूरज, इसलिए भाजपा से झूठे प्रलोभनों में न आए और इस बार विकास का साथ दे और आने वाली पांच अक्टूबर को पंजे के निशान का बटन दबाकर मुझे मतरुपी आर्शीवाद देकर विजयी बनाएं ताकि मैं सरकार में भागेदारी बनकर फरीदाबाद क्षेत्र का समुचित विकास करवा सकूं। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने दोनों हाथ उठाकर सिंगला को अपना समर्थन देते हुए उन्हें विजयी बनाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व पार्षद नेत्रपाल एडवोकेट, तेजवीर चंदीला, योगेश चंदीला, मनोज चंदीला, धर्मेन्द्र नागर, दीपक चंदीला, प्रकाश मास्टर जी, बेगराज चंदीला, सत्य अंबावता, दीपक चंदीला, प्रवीन चंदीला, राव महेंद्र, हेमराज गुप्ता, राजेश खटाना, चौ. भोपाल, विनोद अंबावता, ऋषिपाल गुप्ता, पवन पाराशर, दुष्यंत नागर, नीरज एडवोकेट सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

भाजपा प्रत्याशी सतीश फागना के चुनाव प्रचार में पहुंचे सांसद मनोज तिवारी, भीड़ ने सभी रिकार्ड तोड़े

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। दिल्ली के सासंद और भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार मनोज तिवारी ने सेक्टर 52 के मैदान पहुंचकर एनआईटी से भाजपा प्रत्याशी सतीश फागना के समर्थन में आयोजित रिकॉर्ड तोड़ विशाल जनसभा में पूर्वांचल समाज के लोगों का दिल जीत लिया और खूब तालियां बटोरी। मनोज तिवारी ने कहा कि सतीश फागना ईमानदार,मेहतनी और पढ़ा लिखा नौजवान है जो सिर्फ आपकी दुख तकलीफों के बारे में सोचता है,जिसने कभी स्वार्थ की राजनीति नहीं कि। मनोज तिवारी ने कहा कि कांग्रेस झूठ के सहारे सत्ता हथियाने को आतुर है। इसलिए आने वाली 5 अक्टूबर को एनआईटी में विकास के नए अध्याय की शुरूआत के लिए भाजपा के कमल के निशान पर अपना बटन दबाएं। इस मौके पर सतीश फागना ने कहा कि एनआईटी के लोग मुझे जी जान से प्यार करते है क्योंकि वे समझ चुके है कि इससे पहले जो लोग वोट मांगकर विधायक बने उन्होंने एनआईटी की बदहाली के दलदल में धकेल दिया लेकिन सतीश फागना की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है वो जो कहता है वो करके दिखाता है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी एनआईटी के मान-सम्मान को कम नहीं होने दिया, यदि यहां की जनता अपने आर्शीवाद से मुझे विधायक बनाती है तो इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करवाना ही उन्का मुख्य लक्ष्य रहेगा और वहं एनआईटी की जनता के विश्वास को टूटने नहीं देगें।

राजेश नागर के समर्थन में नवीन नगर में गरजे भाजपा सांसद मनोज तिवारी

पिछले गेट से जनता का हक लूट लेगी कांग्रेस : मनोज तिवारी

बोले, राजेश नागर की अमित शाह तक पहुंच है, आपके क्षेत्र में कोई कमी नहीं आएगी

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। भाजपा के तिगांव विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी एवं निवर्तमान विधायक राजेश नागर के समर्थन में सांसद मनोज तिवारी ने जनसभा की। उन्होंने कहा कि राजेश नागर को भारी मतों के साथ जिताएं। उन्होंने कहा कि राजेश नागर का प्रचार करने के लिए मुझे अमित शाह ने भेजा है। हमारे बड़े नेता राजेश नागर को बहुत पसंद करते हैं। आप लोग इन्हें बड़े मतों के साथ जिताने का काम करें।

मनोज तिवारी ने कहा कि भाजपा ने बिना पर्ची बिना खर्ची हमारे योग्य बच्चों को डेढ़ लाख नौकरियां दीं लेकिन कांग्रेस आपके हक पर डाका मारना चाहती है। कांग्रेस के नेता चुनावों में कहते फिर रहे हैं कि वह अपनी सरकार में पिछले गेट से नौकरियां देंगे। ऐसे में क्या आप कांग्रेस को वोट देने की भूल करेंगे। तिवारी ने कहा कि राजेश नागर को मैं वर्षों से जानता हूं। वह एक अच्छे विधायक और बहुत अच्छे भाई हैं। उनके दरवाजे गए किसी व्यक्ति को निराश नहीं देखा गया। उन्होंने अपने क्षेत्र में बहुत विकास कार्य करवाए हैं और आगे भी विकास करवाएंगे।

मनोज तिवारी ने कहा कि यहां बड़ी संख्या में पूर्वांचल का मतदाता रहता है। यह मतदाता मेरा और भाजपा का परिवार है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप लोग भाजपा उम्मीदवार राजेश नागर को भारी मतों के साथ जिताकर विधानसभा पहुंचाएंगे। तिवारी ने कहा कि मुझे यहां के पूर्वांचल समाज के लोग बताते हैं कि तिगांव क्षेत्र में बिजली और सडक़की संथिति पहले के मुकाबले बहुत अच्छी है। मैं कहता हूं कि इसमें और सुधार के लिए भाजपा की तीसरी बार डबल इंजन सरकार बनाएं।

इस अवसर पर लाल मिश्रा, शिशु अवाना, विकास सिंह, प्रहलाद शर्मा, हेमंत शर्मा, अमित भारद्वाज, भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक मिश्रा, सुमन चंदेल, बलेश्वर अवाना, अजय अवाना, निक्कू अवाना, सरदार प्रीतम सिंह, सरदार दीपा सिंह, रामप्रसाद प्रधान आरडब्ल्यूए अजय नगर, जीतू, सुरजीत पहलवान, सत्ते, लखविन्दर, अनिल मिश्रा, बलदेव सिंह, उमाशंकर प्रधान निखिल विहार, बीएल गुप्ता आरडब्ल्यूए अध्यक्ष निखिल विहार, साहू प्रधान, रविंदर तिवारी, डॉ अमन पांडे आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

हमेशा समर्पित भाव से की पृथला क्षेत्र के लोगों की सेवा: दीपक डागर

फतेहपुर बिल्लौच में हुआ निर्दलीय प्रत्याशी डागर का जोरदार स्वागत

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। पृथला विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी दीपक डागर ने कहा है कि राजनीति में आने का उनका उद्देश्य केवल लोगों की सेवा करना है और पिछले कई वर्षों से वह लायक बेटे की तरह पृथला क्षेत्र की सेवा में समर्पित भाव से कार्य कर रहे है। उन्होंने गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं, जिसमें टूटी सडक़ें स्ट्रीट लाईट, टाईलें लगवाना, सफाई व्यवस्था दुरूस्त करवाना जैसी मौलिक सुविधाएं उन्होंने लोगों को उपलब्ध करवाई। उन्होंने कहा कि आज छत्तीस बिरादरी ही उनकी टिकट है और छत्तीस बिरादरी ही उनकी स्टार प्रचारक और छत्तीस बिरादरी के आर्शीवाद से ही वह इस चुनावी जंग को जीतकर नया कीर्तिमान रचेंगे। डागर बीती रात फतेहपुर बिल्लौच गांव में आयोजित जनसभा में आए लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गांव की मौजिज सरदारी ने वहां उन्हें सम्मान रुपी पगड़ी बांधी वहीं युवाओं ने उन्हें लड्डूओं से तौलते हुए उन्हें भरपूर समर्थन दिया। श्री डागर ने कहा कि जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आ रही है, उनके हौसले बुलंद होते जा रहे है, जनता उनके साथ जुड़ती जा रही है और मुझे पूरा विश्वास है कि छत्तीस बिरादरी अपने इस बेटे और भाई को यहां से भारी मतों से जिताकर भेजेगी। इस दौरान उन्होंने लोगों को आमंत्रित करते हुए कहा कि आगामी तीन अक्टूबर को जाजरू गांव में एक विशाल जनसभा की जाएगी, इस जनसभा में आप सभी उन्हें आर्शीवाद देने भारी संख्या में पहुंचे और अपने बेटे का हौंसला बढ़ाने का काम करे। इसके अलावा दीपक डागर ने नरहावली, मौजपुर, नरियाला, सीकरी, महमूदपुर, हीरापुर गांवों में भी सभाएं करके लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

गौछी गांव में वाल्मीकि समाज ने दिया आम आदमी पार्टी प्रत्याशी रवि डागर को समर्थन

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। आम आदमी पार्टी प्रत्याशी रवि डागर को कल गौछी गांव में वाल्मीकि समाज ने दिया पूर्ण समर्थन वाल्मीकि समाज ने कहा कि जैसे वाल्मीकि समाज सफाई में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं वैसे ही आम आदमी पार्टी का सिंबल ही झाड़ू है और वाल्मीकि समाज ने कहा समाज की भागीदारी सफाई में रही है उनका पूरा समाज आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल जी को समर्थन करती है वाल्मीकि समाज ने कहा कि वह पूरे एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर आम आदमी पार्टी के लिए वोट मांगेंगे और समर्थन की अपील करेंगे रवि डागर ने कहा कि वह सभी धर्म का सम्मान और सभी धर्म का आदर करते हैं और विधायक बनने के बाद किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए प्रणबद्ध हैं रवि डागर ने कांग्रेस प्रत्याशी और भाजपा प्रत्याशी के बारे में बताया कि दोनों ने समाज में सिर्फ जहर घोलने का काम किया है कांग्रेस विधायक सिर्फ ड्रामेबाजी करता है और भाजपा प्रत्याशी समाज के बीच कभी रहा नहीं कल मुख्य रूप से उपस्थित विनोद, अर्जुन, राजेंद्र ,राजकुमार, शिवा, कन्हैया, संजय ,आकाश ,गोलू ,राजेश, देवेंद्र, सोनू, मोनू , विजय, बॉबी, व गांव की समस्त सरदारी एवं अन्य साथी मौजूद रहे।

हरियाणा में शुरु फसल खरीद...कैथल में नहीं ! किसानों और पुलिसकर्मियों में गरमा- गरमी

कैथल। हरियाणा में धान खरीदी के पहले ही दिन हंगामा हो गया। सरकारी खरीद शुरु न होने से नाराज किसान कैथल मार्केट कमेटी कार्यालय में ताला लगाने पहुंच गए। इस दौरान पुलिस और किसानों में जोरदार बहस हो गई। गौरतलब है कि कैथल अनाज मंडी में पिछले कई दिनों से धान की फसल खुले आसमान के नीचे पड़ी हुई है। वहीं बादल भी किसानों को बार-बार डरा रहे हैं। बता दें कि पहले हरियाणा सरकार ने 23 सितंबर से धान की खरीद की घोषणा की थी, परंतु खरीद की तारीख बढ़ाकर 1 अक्टूबर कर दी गई है। जिस वजह से किसा नाराज हैं किसानों का कहना है कि उनकी फसल पककर तैयार है। मंडी में खुले आसमान के नीचे रखी हुई है। मौसम खराब है इसलिए उन्हें अपनी फसल खराब होने का डर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मंडी में एमएसपी पर खरीद नहीं हो रही है क्योंकि सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई है। अब किसानों की मजबूरी है या तो मैं अपनी फसल को कम दामों पर बेच दें या 1 तारीख का इंतजार करें, जो काफी मुश्किल है। किसानों की मांग है कि उनकी धान की खरीद एमएसपी पर तुरंत शुरू की जाए। अगर आज धान की खरीद नहीं शुरू होती तो हम ताला लेकर आए हैं, मार्केट कमेटी कार्यालय को ताला लगा देंगे।

इश्क में अंधे बेटे की करतूत, मां-बाप को दी थी दिल दहला देने वाली मौत

डबवाली । उपमंडल के गांव गीदड़खेड़ा में दंपति की हत्या के मामले में पुलिस जांच में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। यह हत्या बाहर के किसी व्यक्ति ने नहीं बल्कि मृतक दंपति के बेटे ने ही की है। पुलिस ने हत्यारे नाबालिग बेटे बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि गांव गीदड़ खेड़ा में कल अल सुबह जसवंत सिंह नामक एक कृषक के घर घुसकर अज्ञात लोगों ने जसवंत सिंह व उसकी पत्नी मलकीत कौर की हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं हत्या के सबूत मिटाने के लिए कमरे में आग लगा दी गई थी। मामले में जांच कर ही पुलिस टीम को मौके से मिले साक्ष्य के आधार पर मृतक दंपति के बेटे द्वारा बताई गई कहानी पर पुलिस को यकीन नहीं हुआ। जांच पड़ताल के दौरान यह शक के दायरे में आ गया। जब पुलिस ने साक्ष्य जुटाए और मृतक दंपति के बेटे से पूछताछ की तो हत्याकांड की सच्चाई सामने आ गई। दरअसल मृतक दंपति का बेटा किसी लड़की के चक्कर में था और वह उससे शादी करना चाहता था। इस बात को लेकर उसका अपने माता-पिता से विवाद हुआ। इसी विवाद में उसने अपने माता-पिता की पहले तेजधार हथियार से हत्या कर दी और फिर घर में आग लगा दी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और अब आगे की जांच जारी है।

दुष्कर्म पीड़िता ने दिया बच्चे को जन्म, आरोपी को भेजा जा चुका है सलाखों के पीछे

हिसार । हिसार जिले के हांसी उपमंडल की रहने वाली रेप पीड़िता ने बच्चे को जन्म दिया है। हैरानी की बात यह भी है कि पीड़िता अविवाहित है। फिलहाल नवजात शिशु व पीड़िता दोनों ही अस्पताल में उपचाराधीन है।

मूलरुप से बिहार की रहने वाली है पीड़िता

पीड़िता का परिवार मूलरुप से बिहार के रहने वाला है। कई साल पहले पीड़िता का पिता रोजगार की तलाश में हरियाणा में आया था। जिनको उप मंडल हांसी में आकर मजदूरी का काम मिल गया। पीड़िता का परिवार शहर की किसी कॉलोनी में रहने लग गया था। पीड़िता शहर के एक निजी स्कूल से पढ़ाई भी कर रही है।

आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा चुका जेल

पीड़िता का परिवार शहर की जिस कॉलोनी में रह रहा है, उसी कॉलोनी के एक युवक ने करीब 9 माह पहले पीड़िता से जबरदस्ती से रेप किया था। जब परिजनों को इसका पता चला, तो उन्होंने पुलिस को इसकी शिकायत की। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर परिजनों के बयान दर्ज किए। आरोपी के खिलाफ रेप का केस दर्ज कर लिया। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसको अदालत में पेश करके जेल भेज दिया था। परिजनों ने हिम्मत करके पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने अपनी कार्रवाई सही तरीके से की। इसके बाद परिजनों ने गर्भपात करवाने के लिए भी नियमानुसार कार्रवाई करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी समय बीत चुका था। उनको गर्भपात की अनुमति नहीं मिली।

5 लाख रूप्ये की रिश्वत लेने के मामले में आरोपी डा. के फलैट से बरामद किए 1 करोड़ 2 लाख रूपये

चंडीगढ़। हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की करनाल टीम द्वारा 26 सितंबर को रिश्वत के मामले में पकड़े गए आरोपी डा. रवि विमल को आज न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। इस मामले में छानबीन के दौरान आरोपी डॉक्टर के पंचकूला के अमरावती स्थित फलैट से एक करोड़ 2 लाख रूपये की राशि बरामद की गई है। अनुसंधान जारी है। इस बारे में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एसीबी करनाल की टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी डा. रवि विमल की निशानदेही पर देर सांय आरोपी के घर की तलाशी ली गई। इस दौरान आरोपी के घर से एक करोड़ 2 लाख रूपये की राशि बरामद की गई है। इस मामले में आरोपी डॉक्टर से पूछताछ की जा रही है कि उसके पास यह राशि कहां से आई और इस मामले में और कितने लोग शामिल है। एसीबी की टीम द्वारा अलग-2 एंगल से जांच की जा रही है। गौरतलब है कि डा रवि विमल जिला पंचकूला में आयुष्मान भारत योजना के डिप्टी सीईओ के पद पर कार्यरत था। एसीबी की टीम को करनाल के एक निजी अस्पताल के संचालक से शिकायत प्राप्त हुई कि आरोपी डा. रवि विमल आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध उसके अस्पताल का सरपेशन रद्द करने के बदले में 10 लाख रूपये की रिश्वत की मांग कर रहा है जिसमें से 5 लाख रूपये की राशि देने की बात तय हुई जिसे लेते हुए एसीबी करनाल की टीम ने आरोपी को रंगे हाथो गिरफतार कर लिया। इस मामले में सभी तथ्यों का विश्लेषण करते हुए इसकी जांच की जा रही है।

हरियाणा चुनाव : रॉबर्ट वाड्रा का मोदी पर पलटवार, बोले- 'अगर मैं गलत हूं तो साबित करो'

चंडीगढ़ । हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने रॉबर्ट वाड्रा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा पर तंज कसा है। इसके जवाब में रॉबर्ट वाड्रा ने पीएम मोदी को चुनौती दी है। उन्होंने कहा, 'आप साबित करें कि मेरी कोई जमीन हरियाणा में है या मैंने कोई गलत काम किया है। आप नहीं कर सकते, क्योंकि मैंने कोई गलत काम नहीं किया है।' वाड्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने भाषणों में लगातार उनका नाम लेते हैं। उन्होंने बताया कि मोदी की सरकार को दस साल हो गए हैं और सभी एजेंसियों ने जांच की, लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। वाड्रा ने चेतावनी दी कि अगर कुछ है तो उसे साबित करें।

कोई सबूत नहीं- वाड्रा ने यह भी कहा कि मोदी पिछले दस सालों से उन्हें फर्जी मुद्दों में उलझाए हुए हैं। हरियाणा में मनोहर लाल की सरकार ने खुद अदालत में लिखित में कहा था कि वाड्रा के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। वाड्रा ने पीएम मोदी से सवाल किया कि वे किस आधार पर आरोप लगा रहे हैं और किस चीज़ का इंतजार कर रहे हैं? इस तरह वाड्रा ने स्पष्ट किया कि उन्हें राजनीतिक बदले की भावना से निशाना बनाया जा रहा है।

होडल अधिवक्ता व बघेल समाज ने दिया बीजेपी प्रत्याशी हरेन्द्र को पूर्ण समर्थन

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

बीजेपी प्रत्याशी हरेंद्र रामरतन ने विधानसभा होडल क्षेत्र में सैनी समाज, पुन्हाना मोड़ स्थित तहसील परिसर में अधिवक्ता संगठन, रोहता पट्टी, बक्सुआ पट्टी सहित अन्य जगह पर जन संपर्क अभियान चलाया। होडल सैनी समाज के लोगों ने घसेलिया सराय मोहल्ले में बीजेपी प्रत्याशी हरेंद्र रामरतन का फूल माला व पगड़ी बांध कर जोर दार स्वागत किया और हरेंद्र रामरतन को आश्वाशन दिया की होडल का पुरा सैनी समाज जिसमे लगभग 4 हजार वोट है वह पुरी तरह से बीजेपी पार्टी और हरेंद्र के साथ है और उनका

समर्थन आस पास के गांव सेवली, हसनपुर सैनी समाज के लोगो द्वारा भी पूर्ण रूप से किया जाएगा। सैनी समाज के लोगो ने हरेंद्र रामरतन के साथ तन मन धन से साथ निभाने का वादा किया है। सैनी समाज चौबीसी पाल के प्रधान नारायण सैनी ने समाज के सभी लोगों द्वारा कमल के फूल वाला बटन दबा कर भारी मतों से जीत दिलवाने का हरेंद्र रामरतन को भरोसा दिलवाया। इस मौके पर हरेंद्र रामरतन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी जा रही है वह उसपर पूर्ण रूप से खारा उतरेंगे और होडल में विकास की कोई कमी नहीं रहने देंगे। उन्होंने कहा कि होडल में पहले भी उनके पिता विधायक रह कर होडल की सेवा कर चुके है और जिस प्रकार उनके पिता ने होडल क्षेत्र में विकास कार्य करवाए वह भी अपने परिवार सहित क्षेत्र के लोगो के लिए आधी रात भी सेवा में हाजिर रहेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा तो सिर्फ चेहरा और नाम है यह चुनाव आम जनता का है जो जनता को मंजूर होगा वह मुझे मंजूर है। हरेंद्र रामरतन ने बताया की 28 सितंबर को बीजेपी के कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश लक्ष्मीनारायण होडल विधानसभा के गांव करमन,

भुलवाना, बेढ़ा, खिरबी,बांसवा, भिड़की, लोखी, जटौली तथा 29 सितंबर को सौंध , बंचारी, सेवली, औरंगाबाद, दिघोट व होडल की कॉलोनियों में डोर टू डोर जनसंपर्क करेंगे। इस मौके पर सैनी समाज होडल के प्रधान प्रहलाद सैनी, ओमी, विजय, विष्णु, रोहतास, बच्चू सैनी, राजेंद्र सेवली, बाबूलाल, विक्रम, हरद्वारीलाल व अधिवक्ता लखविंद्र प्रधान, अमर सिंह, सत्यदेव गौतम आदि

शरवती कैंपस के दो छात्रों ने एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण की

कनीना सुनील दीक्षित

शरवती कोचिंग कैंपस कनीना के दो छात्रों दिनेश और दयानंद ने एनडीए परीक्षा उत्तीर्ण की है। संस्थान के निदेशक राजकुमार ने बताया कि छात्रों की सफलता का श्रेय उनके परिश्रम तथा शिक्षकों को जाता है। उन्होंने कहा कि छात्रों की ये उपलब्धि संस्थान के लिए गौरव का पल है जिससे अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। जो अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर होगें। छात्र दिनेश ने कहा कि इस परीक्षा में सफलता पाने के लिए उन्हें बहुत मेहनत करनी पडती है। शिक्षकों के मार्गदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। दयानंद ने कहा कि वह एनडीए परीक्षा में सफलता पाकर बहुत खुश है। उन्होंने इस परीक्षा की तैयारी के लिए अत्यधिक समय दिया।

शिक्षकों ने प्रोत्साहित किया। निदेशक राजकुमार ने कहा कि शिक्षा से उन्नति के द्वार खुलते हैं तथा देश के विकास का आधार ही शिक्षा है। उन्होंने बताया कि संस्थान पिछले 12 वर्ष के अंतराल में 570 से अधिक छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दूसरे आवासीय विद्यालय में चयन ले चुकी हैं।

सडक के बीच कार खडी कर मार्ग अवरूध करने वाले चालक के खिलाफ केस दर्ज

कनीना सुनील दीक्षित

कनीना सदर थाना अंतर्गत गांव भालखी में एनएच 152डी के समीप बीच रास्ते पर खडी की गई कार से मार्ग अवरूध होने के कारण गश्ती पुलिस दल ने चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 285 के तहत केस दर्ज किया है। इस बारे में थाना अध्यक्ष निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि एक कार रास्ता सरेआम पर खडी हुई थी गश्त कर रहे पुलिस कर्मचारियों ने नजदीक जाकर देखा तो वह लॉक मिली। सडक पर खडी इस कार से यातायात में व्यवधान उत्पन्न हो रहा था। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति कार के पास आया जिसने अपने आप को गाडी का चालक बताया। जिसकी पहचान राजकुमार निवासी बिलांदपुर,जिला जयपुर राजस्थान के रूप में हुई। पुलिस ने मार्ग अवरूध करने वाली गाडी को कब्जे में लेकर चालक राजकुमार के विरूध केस दर्ज कर लिया।

विधान सभा चुनाव में अत्यधिक संख्या में हिस्सा ले मतदाता

-राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हाणी में आयोजित किया गया जागरूकता सेमिनार

कनीना सुनील दीक्षित

जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका गुप्ता व एडीसी वैशाली सिंह के निदेर्शानुसार राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हाणी में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सुधीर यादव व डॉ. आरएस रंगा,निदेशक नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र नारनौल की रही। वक्ताओं ने महाविद्यालय की छात्राओं को मतदान के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव महापर्व होता है। जिसमें मतदाताओं को अधिक से अधिक हिस्सा लेना चाहिए। लोकतंत्र में चुनाव के माध्यम से सरकार को वैद्यता प्राप्त होती है। प्रत्येक मतदाता को मतदान का

संवैधानिक एवं राजनीतिक अधिकार है। भारतीय संविधान के भाग 15 में अनुच्छेद 326 में इसका वर्णन किया गया है। 18 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक भारतीय नागरिक को यह अधिकार प्राप्त है। लोकतंत्र में एक-एक मत का महत्व होता है, 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने एक मत से बहुमत खो दिया था। जहां मतदान प्रतिशत कम होता है वहां विकास की गति भी धीमी होती है। चुनाव के दौरान अच्छे जनप्रतिनिधि का चयन करना जागरूक मतदाताओं का कत्तव्य है। हरियाणा में 15वीं विधानसभा के चुनाव 5 अक्टूबर होने प्रस्तावित हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नशा मुक्ति अभियान भी शुरू किया गया है। नशे की बीमारी से मुक्ति तथा उसके दुष्प्रभावों व गलत धारणाओं के बारे में छात्राओं को जागरूक किया गया। सरकार व जिला प्रशासन का प्रयास है कि नशा मुक्त भारत अभियान में अधिक से अधिक लोग जुड़े और नशा उन्मूलन में योगदान दें।

नशे पर पूर्णतया अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने का कि युवा शौकिया तौर पर नशे की शुरूआत करते हैं जो बाद में आदत बन जाती है। जिससे परिवार की मानसिक स्थिति के साथ-साथ आर्थिक स्थिति भी खराब हो जाती है। इस अवसर पर हरपाल सिंह सहित शिक्षक उपस्थित थे।

हरियाणा की 58 साल की राजनीति में निर्दलीय विधायकों ने किया कमाल , अब तक दो महिलाएं भी विधानसभा पहुंची

चंडीगढ़।1966 में हरियाणा गठन के बाद से लेकर अब तक के 58 सालों के राजनीतिक इतिहास में अनेक रोचक और अजीब किस्से छिपे हुए हैं। हरियाणा में राजनीति के इतिहास के पन्नों को पलटने पर कई प्रचार के रोचक तथ्य सामने आते हैं। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में से कुछ ऐसी सीट है, जहां पर कई प्रकार के हैरान कर देने वाले रिकॉर्ड बने। ऐसे में हरियाणा के विधानसभा चुनाव में 90 सीटों पर सैकड़ों की संख्या में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने वाले कई नेता भी रिकॉर्ड बना चुके हैं। इनमें पुंडरी विधानसभा एक ऐसी सीट है, जहां पर 1967 से लेकर 2019 तक के 13 विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीता हासिल की। पुंडरी विधानसभा से अब तक 7 बार आजाद विधायक जीत दर्ज करवा चुके हैं। इनमें केवल दिनेश कौशिक ही अकेले ऐसे नेता है, जो बार पुंडरी से आजाद विधायक बने हैं। मौजूदा समय में भी पुंडरी से रणधीर सिंह निर्वतमान विधायक है।

अब तक 2 आजाद महिलाएं बनी विधायक- हरियाणा में 1967 से लेकर 2019 तक हुए 13 चुनाव में आजाद उम्मीदवारों का प्रदर्शन ठीक रहा है। 1967 में 16, 1968 में 6, 1972 में 11, 1977 में 7 आजाद विधायक चुने गए हैं। इन चुनावों में कभी कोई महिला आजाद विधायक नहीं चुनी गई। 1982 में पहली बार बल्लबगढ़ सीट से आजाद प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में उतरी शारदा रानी ने जीत दर्ज की। शारदा रानी ने ब्लॉक समिति की सदस्य से अपने सियासी करियर का आगाज किया था। 1968, 1972 और 1977 में वे कांग्रेस से विधायक चुनी गई। 1982 में कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दी जिस पर शारदा रानी ने आजाद उम्मीदवार के रूप में ताल ठोक दी और जीत हासिल की। शारदा रानी के बाद हरियाणा के अब तक के राजनीतिक इतिहास में मेघावी कीर्ति ही दूसरी ऐसी महिला हैं, जिन्होंने आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीता है। मेघावी कीर्ति प्रसिद्ध राजनेता बाबू जगजीवन राम की पौत्री हैं। 1987 के चुनाव में लोकदल और भाजपा की जबरदस्त लहर थी। दिल्ली से हिंदी में एमए करने के बाद मेवाती राजनीति में आ गई। 1985 से 1986 तक वे अखिल भारतीय युवा कांग्रेस की महासचिव रहीं। इसके बाद कांग्रेस से किनारा कर लिया और इंडिया कांग्रेस आई मेघावी नाम से खुद का सियासी दल बना लिया। 1987 के चुनाव में झज्जर सीट से चुनावी ताल ठोक दी। लोकदल की लहर के बीच ही उन्होंने लोकदल के उम्मीदवार ममंगेराम को 13 हजार वोटों के अंतर से पराजित किया।

निर्दलीय विधायकों ने कई बार बनाई सरकार- हरियाणा में हुए अलग-अलग विधानसभा चुनाव में जहां अलग-अलग विधानसभा सीट से आजाद उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। वहीं, प्रदेश की राजनीति में अनेक बार ऐसे मौके आए, जब आजाद उम्मीदवार के तौर पर जीतकर विधानसभा पहुंचे नेताओं ने प्रदेश सरकार के गठन में अपना महत्वपूर्ण योगदान अदा किया। 2009 में भी कांग्रेस सरकार 7 निर्दलीय विधायकों के सहारे ही बनी थी। इससे पहले साल 1982 में भजनलाल ने भी आजाद उम्मीदवारों के बूते सरकार बनाई थी और बाद में 5 आजाद विधायकों को अपनी कैबिनेट में मंत्री बनाया था। इसी तरह से 2019 के विधानसभा चुनाव में भी 7 आजाद विधायक निर्वाचित हुए और इनमें से 6 ने भाजपा को समर्थन दिया।

उस समय भाजपा ने अपनी सरकार में रानियां से आजाद विधायक चुने गए चौ. रणजीत सिंह को बिजली एवं जेल मंत्री बनाया था। अतीत की बात करें तो हरियाणा गठन के बाद 1967 में हुए पहले चुनाव में 269 नेताओं ने बतौर आजाद उम्मीदवार के रूप में भाग्य आजमाया और 16 को जीत मिली। आज भी प्रदेश की राजनीति में यह रिकॉर्ड कायम है।

53 वाँ के. वि .एस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु दृढ़ संकल्प को मन,वचन व कर्म से निभाते हुए विभिन्न शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के आयोजन में सदैव अग्रणी केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा 53वी राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिता 2024-25 का उद्घाटन समारोह 26 सितम्बर ,2024 को केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1,फरीदाबाद में किया गया' 53 वी राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन 26.09.24 से 30.09.24 तक के.वि -1और के.वि -3 फरीदाबाद,गुरुग्राम संभाग में किया जा रहा है । इस पांच दिवसीय राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में अलग-अलग वर्गों के छात्र व छात्राएँ प्रतिभागिता कर रहे हैं । अंडर 14, 17 और19 श्रेणियों के तहत 25 क्षेत्रों के छात्र व छात्राएँ इस तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग ले रहे है राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिता (तीरंदाजी) के उद्घाटन समारोह का आयोजन अत्यंत भव्यता एवं गौरवमयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस महोत्सव का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रव्यापी खेल चेतना का विस्तार, नवोदित खेल प्रतिभाओं का सम्मान तथा युवाओं में खेलों के प्रति प्रगाढ़ अनुराग उत्पन्न करना है । पुष्प मालाएँ पहनाकर विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया तथा वृंद वाद्य की मधुर स्वागत धुन ने वातावरण को सुशोभित किया ।समारोह की विधिवत शुरूआत माननीय मुख्य अतिथि। श्री वरुण मित्र , उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन , गुरुग्राम संभाग द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं गुब्बारे को हवा में छोड़ने के साथ की गई।मुख्य अतिथि ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में खेलकूद के सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक जीवन में निहित महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल मात्र शारीरिक दक्षता का साधन नहीं, अपितु यह मानसिक दृढ़ता, अनुशासन, आत्मनियंत्रण और संयम का स्रोत है। उन्होंने इस तथ्य की ओर भी ध्यानाकर्षण किया कि खेल मनुष्य के जीवन में अनुशासन, संगठन, और सामूहिकता की भावना का संचार करते हैं, जो जीवन के अन्य क्षेत्रों में सफलता के अनिवार्य घटक हैं।इस भव्य आयोजन के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने अपने विशिष्ट परिधान धारण कर अत्यंत अनुशासित मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया, जो समारोह का प्रमुख आकर्षण सिद्ध हुआ । समारोह की औपचारिक उद्घाटन प्रक्रिया के तहत मुख्य अतिथि द्वारा खेल ध्वज का आरोहण और खेल मशाल प्रज्ज्वलन सम्पन्न हुआ।

भाजपा की जनविरोधी नीतियों से जनता का मोह भंग: उदयभान

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

होडल : - प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं होडल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी उदयभान ने कहा कि अबकि बार प्रदेश से भाजपा की सरकार जा रही है और पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस पार्टी की सरकार आ रही है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों को लेकर जनता का मोह भंग हो चुका है। प्रदेश में पूरी तरह कांग्रेस की लहर दौड़ गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं प्रत्यासी उदयभान होडल विधानसभा क्षेत्र के सबसे बड़े गांव भिड़ूकी में आयोजित सम्मान समारोह के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले सैंकडों की संख्या में एकत्रित होकर ग्रामीण गांव खिरबी

स्थित बैंकट हाल निकट पहुंचे और उदयभान को दर्जनों ट्रेक्टर, कार, टैंपू तथा अन्य वाहनों के काफिले के साथ लेकर गांव पहुंचे। जहां उदयभान के स्वागत के लिए काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड उमड़ पड़ी। कांग्रेस प्रत्याशी का गांव में कई जगहों पर फूल माला एवं पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया तथा ग्रामीणों ने उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया। यहां ग्रामीणों का कहना था कि इस तरह का सम्मान समारोह पहली बार देखा है। गांव में कांग्रेस प्रत्याशी उदय भान की जीत को लेकर पंडित सुरेश चंद शास्त्री के नेतृत्व में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में महिला पुरुष एवं अन्य आसपास गांवों के लोगों ने हिस्सा लिया। कांग्रेस प्रत्याशी उदयभान के पहुंचने पर रघुराज जेलदार, शिवदयाल गौतम, महेंद्र पाल शर्मा, सतीश चंद, बच्चू सिंह, नरवीर प्रधान, प्रीतम सिंह, पूरन लाल, देशराज, ज्ञानचंद चौहान, लालाराम, धर्मवीर शर्मा, जोगिंद्र सिंह, माधव मरोली, उदय सिंह सौरोत, श्याम, लायक राम, पूर्व सरपंच अरुण शर्मा, सरपंच तूहीराम शर्मा, जतिन सौरोत, प्रवीण दीघोट, राजेंद्र नंबरदार, राकेश सिंगला, अधिवक्ता बहादुर सिंह, महेश सौरोत सूबेदार गुलाब सिंह, प्रथ्वी सिंह, विपुल सिंगला, ओम प्रकाश सहित सैंकडों ग्रामीणों ने कांग्रेस प्रत्याशी उदयभान का फूल माला एवं पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस प्रत्याशी उदयभान ने कहा कि प्रदेश में भाजपा का पिछले 10 साल का शासन किसी से छुपा नहीं है। विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया गया, जिसके कारण जनता भाजपा के शासन से पूरी तरह तंग आ चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो भी घोषणा और वायदे करती है, उसे समय पर अवश्य पूरा करती है। पार्टी द्वारा 6 हजार रुपए पेंशन, 500 रुपए में गैस सिलेंडर सहित अन्य सभी घोषणाओं को भी कांग्रेस की सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता महंगाई, भ्रष्टाचार और लगातार बढती जा रही आपराधिक वारदातों से परेशान हो चुकी है। उदयभान ने 5 अक्तूबर को अधिक से अधिक संख्या में वोट कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की, जिस पर लोगों ने भी उन्हें जिताने का भरोसा दिलाया।

सरकार ने व्यक्तिगत जानकारी उजागर करने वाली कुछ वेबसाइट ब्लॉक की

- सरकार ने वेबसाइट में कुछ खामियां पाए जाने के कारण ब्लॉक करने का लिया फैसला

नई दिल्ली । सरकार ने भारतीय नागरिकों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित संवेदनशील व्यक्तिगत पहचान-योग्य जानकारी को उजागर करने वाली कुछ वेबसाइट को ब्लॉक कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत संचालित भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने इन वेबसाइट में सुरक्षा खामियां पाई थीं। उसके बाद सरकार ने इन वेबसाइट को ब्लॉक करने का कदम उठाया है। बयान के मुताबिक मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि कुछ वेबसाइट भारतीय नागरिकों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारियों को उजागर कर रही थीं। इस मामले को गंभीरता से लिया गया है क्योंकि सरकार सुरक्षित साइबर सुरक्षा व्यवहार और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इसके अनुरूप इन वेबसाइट को ब्लॉक करने के लिए त्वरित कार्रवाई की गई है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 के तहत आधार से जुड़े विवरण के सार्वजनिक प्रदर्शन पर रोक संबंधी प्रावधान के उल्लंघन पर संबंधित पुलिस अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज कराई है। बयान में कहा गया है, सीईआरटी-इन ने इन वेबसाइट के विश्लेषण से कुछ सुरक्षा खामियां उजागर की हैं। संबंधित वेबसाइट मालिकों को आईसीटी अवसंरचना को मजबूत करने और खामियों को दुरुस्त करने के लिए उनके स्तर पर की जाने वाली कार्रवाई के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया है। आईटी अधिनियम के तहत कोई भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित पक्ष शिकायत दर्ज करने और मुआवजे की मांग करने के लिए निर्णायक अधिकारी से संपर्क कर सकता है। राज्यों के आईटी सचिवों को निर्णायक अधिकारी के रूप में अधिकार दिया गया है।

इथेनाल के भाव और चीनी की एमएसपी बढ़ाएगी सरकार

नई दिल्ली । केंद्र सरकार इस वित्त वर्ष इथेनॉल की कीमत और चीनी के न्यूनतम बिक्री मूल्य (सुगर एमएसपी) बढ़ाने के बारे में विचार कर रही है। खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि इथेनॉल की कीमत बढ़ाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। पेट्रोलियम मंत्रालय इस मामले पर विचार कर रहा है। एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से मंत्री ने यह भी कहा किया कि सरकार चीनी के न्यूनतम विक्रय मूल्य को बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है, जो फरवरी 2019 में स्थापित दर 31 रुपये प्रति किलोग्राम के बाद से अपरिवर्तित हैं। फिलहाल केन जूस से बनने वाले एथेनॉल का भाव 65.61 रुपये प्रति लीटर है, वहीं बी हैवी मोलैसेज से बनने वाले एथेनॉल का भाव 60.73 और सी हैवी मोलैसेज से बनने वाले एथेनॉल का भाव 56.28 रुपये प्रति लीटर है।

वहीं चीनी के उत्पादन को लेकर केंद्रीय मंत्री ने उम्मीद जताई कि 2024-25 सीजन में उत्पादन बेहतर रह सकता है। उनके मुताबिक बेहतर मॉनसून की वजह से ये संभव है। उनके मुताबिक कीमतों को लेकर इन कदमों से भारत के इथेनॉल ब्लेंडिंग को लेकर पहल को बढ़ावा मिलेगा और शुगर सेक्टर को जरूरी राहत मिलेगी। बता दें कि वर्तमान में भारत सरकार ने पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनाल ब्लेंडिंग को मंजूरी दी है।

इथेनाल की कीमत बढ़ने से पेट्रोल भी महंगा हो सकता है।

भारत के शीर्ष 7 शहरों में मकानों की बिक्री 11 फीसदी घटी

कीमतों में तेजी और मॉनसून की वजह से आई सुस्ती

नई दिल्ली । भारत के शीर्ष सात शहरों में मकानों की बिक्री में गिरावट देखी जा रही है। हाल ही में जारी की गई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बाजार स्थिर हो रहा है और वित्तीय वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में इसमें 11 फीसदी की गिरावट आई है। एक प्रॉपर्टी कंसल्टिंग कंपनी द्वारा जारी आंकड़े दर्शाते हैं कि बिक्री पिछले साल की तीसरी तिमाही के 1.20 लाख मकानों से कम होकर इस साल 1.07 लाख हो गई है। एनारॉक की बिक्री घटने का कारण उच्च कीमतें और मॉनसून को बताया है। इसने कहा कि श्राद्ध पक्ष के दौरान भारतीय मकान खरीदना नहीं चाहते हैं इसलिए भी मांग में गिरावट आई है। कुल मिलाकर पहली तिमाही में नए शिखर पर पहुंचने के बाद आवास बाजार स्थिर हो रहा है। शीर्ष सात शहरों में मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), हैदराबाद, बेंगलूरु, चेन्नई, कोलकाता और पुणे हैं। इस साल की तीसरी तिमाही में 93,750 मकान पेश किए गए थे, जो बीते साल की समान अवधि के दौरान पेश किए गए 1,16,220 मकानों के मुकाबले 19 फीसदी कम हैं। इसके अलावा बढ़ती इनपुट लागत और इस साल की पहली तिमाही में अधिक बिक्री के अलावा एक बात यह भी है कि बीते एक से दो वर्षों में मकानों की कीमत बेतहाशा बढ़ी है। कई खरीदार फिर स्थिति पर नजर रखने लगे हैं। कंपनी रिसर्च के मुताबिक शीर्ष सात शहरों में औसत आवासीय कीमतों में पिछले साल की तीसरी तिमाही के मुकाबले इस साल की तीसरी तिमाही में 23 फीसदी की सालाना वृद्धि हुई है। इसके अलावा अगर हम डेटा रुझानों की तुलना करें तो औसत कीमत साल 2022 की तीसरी तिमाही के मुकाबले साल 2024 की तीसरी तिमाही में 37 फीसदी बढ़ी हैं। इससे कई खरीदारों पर दबाव पड़ा है। नई पेशकशों में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी लक्जरी मकानों की है।

त्यौहारी सीजन से 50 हजार करोड़ से ज्यादा के आईपीओ बाजार में देंगे दस्तक

-ह्युंडै मोटर 25 हजार करोड़ से ज्यादा का आईपीओ लाने की तैयारी में

नई दिल्ली।

इस साल दीवाली के आसपास आईपीओ का बाजार में भी बूम आने की उम्मीद है। अक्टूबर के आखिर से नवंबर की शुरुआत तक 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के आईपीओ बाजार में दस्तक देंगे। ह्युंडै मोटर इंडिया 25 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का आईपीओ लाने जा रही है, जिसे भारत का अभी तक का सबसे बड़ा आईपीओ माना जा रहा है। साथ ही फूड डिलिवरी कंपनी स्विगी 11,600 करोड़ रुपए का और एनटीपीसी ग्रीन 10 हजार करोड़ रुपए का आईपीओ लाने वाली है। इन तीन बड़े आईपीओ के अलावा शापूरजी पलोनजी समूह की कंपनी एफकॉन इन्फ्रास्ट्रक्चर करीब 6,500 करोड़ रुपए का और वारी एनर्जीज 7,500 करोड़ रुपए आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है। इन बड़े निर्गमों को कामयाबी मिली तो वैश्विक बाजार में भारत का दबदबा और बढ़ जाएगा। इसके बाद कई अन्य कंपनियां भी भारतीय बाजार में सूचीबद्ध होने आ सकती हैं क्योंकि यहां मूल्यांकन दुनिया के सभी बाजारों से ज्यादा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इक्विटी पूंजी जुटाने के मामले में यह साल देसी बाजार के लिए रिकॉर्ड साल साबित हो सकता है। 2024 में 63 कंपनियां अपने आईपीओ के जरिये अभी तक 64,559 करोड़ रुपए जुटा चुकी हैं और कई आईपीओ ने बाजार में दस्तक दी तो निर्गमों के जरिये 1.2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की पूंजी जुटा ली जाएगी, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा होगा। आईपीओ की संख्या के मामले में भी 2007 के बाद यही सबसे अच्छा साल साबित हो सकता है।

2007 में 100 निर्गम बाजार में आए थे।दक्षिण कोरियाई कंपनी ह्युंडै मोटर्स की भारतीय इकाई को आईपीओ के लिए नियामक की मंजूरी मिल गई है। सॉफ्टबैंक समर्थित स्विगी को भी नियामक की हरी झंडी मिल गई है। सूत्रों का कहना है कि बैंकर इन कंपनियों का मूल्यांकन तय करने के लिए संभावित निवेशकों से बात कर रहे हैं, जिसके बाद ही इनके आईपीओ के आकार तय हो किए जाएंगे।

दवाई-बाइक सहित 100 वस्तुओं पर कर दरें संशोधित करेगी सरकार

- टैक्स की दरों को 12 से घटाकर 5 फीसदी करने की योजना, दिवाली से पहले ऐलान संभव

नई दिल्ली । महंगाई के संकट का सामना कर रहे आम लोगों को आने वाले दिनों में राहत मिलने की संभावना दिखाई दे रही है क्योंकि केंद्र सरकार 100 से ज्यादा सामानों पर जीएसटी की दरों में बदलाव करने की योजना बना रही है। इनमें जरूरी दवाइयां, बाइक समेत कई वस्तुएं शामिल हैं। दरअसल केंद्र सरकार के मंत्रियों के समूह ने जीएसटी दरों में सुधार की कवायद तेज हो चुकी है। इस बारे में पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बताया कि जीएसटी को 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी करने पर विचार किया जा रहा है और अगली बैठक 20 अक्टूबर को आयोजित होगी। इन 100 सामानों में बाइक्स और बोतलबंद पानी जैसे महत्वपूर्ण आइटम शामिल हैं। जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए मंत्रिस्तरीय पैनल ने 12 और 18 फीसदी स्लैब के विलय के अलावा 100 से अधिक वस्तुओं पर दरों को फिर से बनाने के प्रस्तावों पर चर्चा की है, लेकिन अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देने से पहले इस पर विश्लेषण करेगा। भट्टाचार्य ने कहा कि आम आदमी द्वारा प्रयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दरों को कम किया जाना चाहिए और खाने-पीने से जुड़े सामानों पर जीएसटी की दरों को 12 प्रतिशत से पांच प्रतिशत के स्तर पर लाया जाना चाहिए। अभी मोटर साइकिल और उसके पुर्जे और सहायक उपकरण पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगता है, जबकि ई-साइकिल पर पांच प्रतिशत कर लगता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने अस्थायी सरकारी व्यय विधेयक पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन ।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक अस्थायी सरकारी व्यय विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं। यह दिसंबर तक एजेंसियों का काम चलाने में मदद करेगा। इससे पहले कांग्रेस ने नवंबर चुनाव के बाद तक प्रमुख खर्च निर्णयों को टाल दिया था। विधेयक आम तौर पर 20 दिसंबर तक मौजूदा स्तरों पर एजेंसियों को धनराशि उपलब्ध कराता है। सीक्रेट सर्विस को मजबूत करने के लिए सांसदों ने उसे 23.1 करोड़ डॉलर देने के प्रस्ताव पर भी सहमति व्यक्त की। रिपब्लिकन की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प पर दो बार हुए जानलेवा हमलों के प्रयास के मद्देनजर यह फैसला किया गया।राष्ट्रपति पद के चुनाव के बाद सत्ता हस्तांतरण में सहायता के लिए भी धनराशि दी गई है। विधेयक बुधवार को कांग्रेस में द्विदलीय आधार पर आसानी से पारित हो गया। यह सदन में 341-82 तथा सीनेट में 78-18 के मतों के अंतर से पारित हुआ।

ओला ई-स्कूटर एस1, एक्स 2केडब्ल्यूएच को मिला पीएलआई प्रमाणन

नई दिल्ली । ओला इलेक्ट्रिक के इलेक्ट्रिक स्कूटर एस1 एक्स 2केडब्ल्यूएच को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत पात्रता आवश्यकताओं के तहत अनुपालन प्रमाणपत्र हो सिल हो गया है। ओला इलेक्ट्रिक ने कहा कि इसके साथ ही कंपनी के पास अब दोपहिया वाहनों में पांच उत्पाद हैं जो पीएलआई योजना के तहत प्रमाणित हैं। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि उत्पाद के लिए पीएलआई प्रमाणन प्राप्त करना हमारी एकीकृत विनिर्माण शक्ति की पुष्टि करता है, जो भारत के इलेक्ट्रिक वाहन लक्ष्य को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रवक्ता ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी मोटर वाहन पीएलआई योजना एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम रही है। इसने विनिर्माताओं को स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ाने, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और व्यापक आर्थिक वृद्धि हासिल करने में कंपनियों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया है।

डीएचएल एक्सप्रेस की जनवरी से पार्सल डिलीवरी महंगी होगी

मुंबई । लॉजिस्टिक्स कंपनी डीएचएल एक्सप्रेस ने अगले साल एक जनवरी से भारत में पार्सल डिलीवरी की कीमतों में लगभग 6.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने पर विचार कर रही है। डीएचएल ने कहा कि मुद्रास्फीति तथा मुद्रा गतिशीलता के साथ-साथ नियामक व सुरक्षा उपायों से संबंधित प्रशासनिक लागतों को ध्यान में रखते हुए वार्षिक आधार पर वैश्विक स्तर पर बाजारों में कीमतों को समायोजित किया जाता है। कंपनी बयान के अनुसार डीएचएल एक्सप्रेस ने मूल्य समायोजन की घोषणा की है जो एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगा। भारत में औसत (मूल्य) वृद्धि 6.9 प्रतिशत होगी।

एनबीसीसी को आईआईआईटी नागपुर के अतिरिक्त निर्माण का ठेका मिला

नई दिल्ली । एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड को नागपुर में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के अतिरिक्त बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 75 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने अपने बयान में कहा कि उसे नागपुर में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के अतिरिक्त बुनियादी ढांचे के निर्माण तथा विकास के लिए एक परियोजना का ठेका मिला है। बयान के अनुसार, 75 करोड़ रुपये की अनुमानित परियोजना लागत के साथ यह शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर स्थित आईआईआईटी नागपुर में शैक्षणिक सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

प्रताप स्नैक्स में 46.85 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेंगी ऑथम और माही मधुसूदन

नई दिल्ली । ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर और माही मधुसूदन केला मिलकर प्रताप स्नैक्स में 46.85 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेंगे। प्रताप स्नैक्स, अल्पाहार (स्नैक) ब्रांड येलो डायमंड और स्वीट स्नैक्स ब्रांड रिच फीस्ट का परिचालन करती है। कंपनी ने शेयर बाजार को शुक्रवार को बताया कि कंपनी ने अपने तीन निजी इक्विटी प्रवर्तकों से 846.60 करोड़ रुपये के सौदे में 46.85 प्रतिशत शेयर हासिल करने के लिए प्रवर्तकों के साथ शेयर खरीद समझौता किया है। प्रवर्तक पीक एक्सवी पार्टनर्स ग्रोथ इन्वेस्टमेंट्स-1, पीक एक्सवी पार्टनर्स ग्रोथ इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स-2 और सिकोइया कैपिटल जीएफआईवी मॉरीशस इन्वेस्टमेंट्स के पास क्रमशः 2.48 प्रतिशत, 34.65 प्रतिशत और 9.72 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसके अलावा कंपनी ने नियंत्रणकारी हिस्सेदारी के अधिग्रहण से प्रेरित होकर बाजार से कंपनी में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए खुली पेशकश की भी घोषणा की है। प्रति शेयर 864 रुपये की कीमत की पेशकश की है, जो कुल मिलाकर 544.17 करोड़ रुपये है। इंदौर में 2003 में स्थापित प्रताप स्नैक्स भारत की सबसे तेजी से बढ़ती स्नैक फूड कंपनियों में से एक है।

यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहन चलाना और महंगा होगा

- टोल दर में 12 फीसदी तक की बढ़ोतरी को मंजूरी मिली

नई दिल्ली ।

दिल्ली-एनसीआर के लोगों के लिए यमुना एक्सप्रेसवे से आना-जाना महंगा होने वाला है क्योंकि यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा को आगरा से जोड़ने वाले 165 किमी लंबे यमुना एक्सप्रेसवे पर टोल दर में 12 फीसदी तक की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने कहा कि नई दरें 1 अक्टूबर से लागू होंगी। इससे अथॉरिटी को प्रतिदिन लगभग 1 करोड़ का टोल मिलेगा। दोपे हिया, तीन पे हिया और रजिस्टर्ड ट्रैक्टर्स के लिए नई टोल की दरें 1.50 प्रति किलोमीटर होंगी, जबकि पहले दरें 1.25 रुपये प्रे ति किमी थीं। वहीं कार, जीप और हल्के मोटर वाहनों के लिए 2.95 प्रे ति किमी थीं, जबकि पहले ये दर 2.6 प्रे ति किमी थी। बस और ट्रकों को 4.15 प्रे ति किमी की पुरानी दर के मुकाबले 4.6 प्रे ति किमी का भुगतान करना होगा, जबकि भारी वाहनों को 12.90 किमी की पुरानी दर के मुकाबले 14.25 प्रे ति किमी का भुगतान करना होगा। भारी वाहन और मल्टी-एक्सल वाहनों पर टोल दर बढ़ाकर 14 रुपये 25 पैसे प्रति किलोमीटर कर दी गई है। पहले यह 12 रुपये 90 पैसे प्रति किलोमीटर थी। 7 या उससे अधिक एक्सल वाले वहानों पर 18 रुपये 35 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से टोल वसूला जाएगा। इससे 16.60 रुपये की दर से टोल वसूला जाता था। यमुना एक्सप्रेसवे पर नए टोल रेट लागू होने के बाद, ग्रेटर नोएडा से आगरा तक कार से सफर करने पर टोल की रकम 270 रुपये से बढ़कर 295 रुपये हो जाएगी। इसी तरह बसों के लिए यह राशि 895 रुपये से बढ़कर 935 रुपये होगी। वहीं ओवरसाइज वाहनों के लिए टोल 1760 रुपये से बढ़कर 1835 रुपये हो जाएगा।

शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले सकारात्मक संकेतों के बाद भी मुनाफावसूली हावी रहने से आयी है। आज कारोबार के दौरान एचडीएफसी और आईसीआईसीई बैंक के शेयर नीचे आये। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 264.27 अंक तकरीबन 0.31 फीसदी नीचे आकर 85,571.85 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 142.13 अंक या 0.16 प्रतिशत चढ़कर 85,978.25 के नए रिकॉर्ड इंट्रा-डे उच्च स्तर पर पहुंचा था। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 37.10 अंकों करीब 0.14 फीसदी टूटटर 26,178.95 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 15 शेयर आज बढ़त पर बंद हुए। सन फार्मा, रिलायंस, टाइटन, एचसीएल टेक और बजाज फिनसर्व सेंसेक्स के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे। इसके अलावा, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, मारुति, टीसीएस, इंफोसिस, एसबीआई, एमएंडएम और आईटीसी के शेयर भी बढ़े।

दूसरी ओर सेंसेक्स के 15 शेयर नीचे आये। पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर सबसे अधिक गिरे। इसके अलावा, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचयूएल, जेएसडब्यू स्टील, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनैंस, नेस्ले इंडिया, टाटा मोटर्स और टेक महिंद्रा के शेयर नीचे आये।

एशियाई बाजारों में, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग के शेयर ऊपर आये जबकि सियोल गिरावट पर बंद हुआ। यूरोपीय बाजार में भी तेजी रही। वहीं गत दिवस अमेरिकी बाजार बढ़त पर बंद हुए। वहीं गत दिवस बाजार रिकॉर्ड तेजी पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह आईटी शेयरों में जोरदार खरीदारी और वैश्विक बाजारों में तेजी की वजह से सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में अपने नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 119.38 अंक चढ़कर 85,955.50 की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 34.5 अंक बढ़कर 26,250.55 पर पहुंच गया।

प्रमोटर शेयर बेचकर कर रहे हैं, मुनाफा वसूली

प्रमोटरों ने बुधवार को बेचे 40000 करोड रुपए के शेयर

मुंबई ।

भारतीय शेयर बाजार आसमान की ओर तेजी के साथ बढ़ रहा है। भारतीय शेयर बाजार ने अभी तक की सबसे लंबी उड़ान भरी है। बुधवार को शेयर बाजार 85930 अंक के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। शेयर बाजार की इस स्थिति को देखते हुए कई कंपनियों के प्रमोटरों ने अपने शेयर बेचकर मुनाफा वसूली का खेल शुरू कर दिया। मुनाफा वसूली के इस खेल में इंडिगो, गौतम अडानी की अंबुजा सीमेंट, बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स, ईजी ट्रिप प्लानर्स, वेलस्पून लिविंग, सायंट डीएलएम जैसी कंपनियों ने सितंबर तिमाही खत्म होने के पहले ही 40000 करोड रुपए के शेयर बेचकर भारी मुनाफा कमाया है। शेयर बाजार में जिस तरह से छलांग लगाई है। उसके बाद से कंपनियों का वैल्यूएशन काफी बढ़ गया है। कंपनियों के पास नगदी का भंडार जमा हो गया है। कंपनियों को समझ नहीं आ रहा है कि वह कहां निवेश करें। जिस तरह से शेयर बाजार उड़ान भर रहा है। उसके बाद आशंका व्यक्त की जा रही है, शेयर बाजार गिरेगा, तो किसी को संभलने का मौका नहीं मिलेगा। ऐसी स्थिति में कंपनियों के पास भारी नगदी जमा हो गई है। इक्विटी फंड्स मैनेजर के पास बड़ी मात्रा में नगदी जमा है। उन्हें समझ नहीं आ रहा है, कि वह अपनी नगदी को कहां निवेश करें। क्वांट के पास 17103 पराग पारीक के पास 13971 मोतीलाल ओसवाल के पास 7168 आईसीसी के पास 30357 और एचडीएफसी के पास 25013 करोड रुपए का कैश जमा हो गया है। किसके कारण शेयर बाजार में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। कारोबार के अंतिम दिन शुक्रवार को बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि मुनाफा वसूली शेयर बाजार में बड़े पैमाने पर हो रही है। जिसके कारण बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है।

वेदांता एल्युमीनियम ने सरकारी आदेश का किया अनुपालन

नई दिल्ली । वेदांता एल्युमीनियम ने शुक्रवार को कहा कि उसने वायर रॉड और रोल्ड उत्पादों के लिए बीआईएस प्रमाणन अनिवार्य करने के सरकार के आदेश का अनुपालन कर लिया है। सरकार ने पिछले साल एल्युमीनियम तथा एल्युमीनियम मिश्र धातुओं के गुणवत्ता नियंत्रण के लिए एक नया विनियमन पेश किया था। यह प्रमाणन छत्तीसगढ़ स्थित बाल्को संयंत्र और ओडिशा स्थित झारसुगुड़ा इकाई में विनिर्मित उत्पादों पर लागू होता है। वेदांता के पास एल्युमीनियम उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए बीआईएस प्रमाणन है, जिसमें 12 एमएम वायर रॉड, रोल्ड शीट, रोल्ड कंडक्टर प्लेट, रोल्ड प्लेट, मिश्र धातु सिल्लियां तथा प्राथमिक सिल्लियां शामिल हैं। सभी विभिन्न इंजीनियरिंग तथा औद्योगिक उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाती हैं। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि वेदांता एल्युमीनियम के वायर रॉड और रोल्ड उत्पादों के लिए बीआईएस प्रमाणन गुणवत्ता, सुरक्षा तथा नियामक अनुपालन को लेकर हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

बहराइच है या जंगल, जहां दूध पिला रही मां से बच्चे को छीनता नजर आया भेड़िया

बहराइच। ये वो जिला है जहां भेड़िया, सियार, तेंदुआ, बाघ, लकड़बग्गा और न जाने कितने जानवर आए दिन देखे जा रहे हैं। इन जंगली जानवरों को देखकर कई बार लोग मजाक में कहते हैं कि ये बहराइच है जंगल। हद उस वक्त हो गई जब एक मां अपने बच्चे को दूध पिला रही थी। इसी बीच भेड़िया आया और मां से उसका बच्चा छीनने लगा। मां ने शोर मचाया तो भेड़ियां वहां से भाग निकला। बहराइच महसी इलाके में दो मासूम बच्चों पर भेड़िए ने हमला कर दिया। दोनों के गले पर भेड़िये ने रात को हमला कर दिया। भेड़िये ने जिस एक बच्चे पर हमला किया, वो अपनी नानी के घर आया हुआ था। बच्चे का नाम आरुष है, जो कि महज 6 महीने का है। वहीं दूसरी बच्ची का नाम ममता है। ममता पर भेड़िये ने उस वक्त हमला किया, जब उसकी मां उसे दूध पिला रही थी। मां ने शोर मचाया तो भेड़ियां वहां से भाग निकला। इसके बाद आनन-फानन में दोनों बच्चों को अस्पताल ले जाया गया। अब दोनों बच्चों की हालत ठीक बताई जा रही है। बता दें कि भेड़ियों के हमले में अबतक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 50 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। करीब एक महीने से वन विभाग की टीम बहराइच में डेरा डाले हुए है।इसके अलावा बहराइच में ही 13 साल की बच्ची के गले पर तेंदुए ने हमला कर दिया। उसकी हालत नाजुक है। उसे लखनऊ रेफर किया गया है। वहीं एक शख्स पर खेत में काम करने के दौरान तेंदुए के हमले में उसके दोनों हाथ जख्मी हो गए हैं। उसका भी उपाय मेडिकल कालेज में चल रहा है।उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में भेड़िये का हमला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच तेंदुए और बाघ के भी हमले की खबर सामने आई है। ऐसा लग रहा है कि बहराइच में मानो जंगलराज हो। जिले के महसी तहसील क्षेत्र के करीब 80 गांवों में ये भेड़िया आतंक का पर्याय बन चुका है और इस कदर आदमखोर हो गया है कि वन विभाग की पहरेदारी और गांव के लोगों की चौकीदारी के बीच घरों में घुसकर बच्चों पर हमला कर रहा है। वन विभाग ने भले ही पांच भेड़ियों को पकड़ लिया हो। लेकिन बचे हुए एक भेड़िये ने नाक में दम कर रखा है। गुरुवार की रात को भेड़िये ने एक बार फिर दो बच्चों पर हमला कर दिया।

गोवा में सस्ती और कर्नाटक में सबसे महंगी बिक रही शराब

नई दिल्ली । भारत में राज्यों में शराब के दाम अलग-अलग हैं। जिनमें काफी अंतर है। उदाहरण की बात करें तो गोवा में शराब सबसे सस्ती है क्योंकि यहां पर टैक्स काफी कम है। वहीं कर्नाटक और महाराष्ट्र में शराब की कीमतें इससे कहीं ज्यादा हैं। भारत में शराब पर वन नेशन वन टैक्स की नीति लागू नहीं है। यानी कि हर राज्य अपनी आवश्यकताओं और नीतियों के अनुसार शराब पर अलग-अलग टैक्स लगाता है। इस कारण, एक ही ब्रांड की शराब एक राज्य में सस्ती हो सकती है, जबकि दूसरे राज्य में वह महंगी बिक सकती है। कर्नाटक देश के सबसे महंगे राज्यों में से एक है। यहां एक शराब की बोतल की औसत कीमत 513 रुपए है, जिसमें 83 का टैक्स शामिल है। कर्नाटक सरकार ने शराब पर भारी टैक्स लगाया है, जिससे आम लोगों के लिए शराब खरीदना मुश्किल हो जाता है। यह स्थिति न केवल स्थानीय लोगों के लिए, बल्कि राज्य में पर्यटन पर निर्भर व्यवसायों के लिए भी चुनौतीपूर्ण है। वहीं तेलंगाना में शराब की औसत कीमत 246 रुपए है और इस पर 68 का टैक्स लगता है। महाराष्ट्र भी शराब की महंगी कीमतों के लिए जाना जाता है, जिससे यहां शराब पीना महंगा हो जाता है। वहीं गोवा जो एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, में शराब की कीमतें सबसे सस्ती हैं। वहां शराब की बोतल की औसत कीमत केवल 100 है। गोवा की राज्य सरकार ने शराब पर टैक्स कम रखा है ताकि स्थानीय लोग और पर्यटक आसानी से शराब खरीद सकें। यह कदम गोवा के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रकार, शराब की कीमतें विभिन्न राज्यों में उनकी टैक्स नीतियों, आर्थिक स्थिति और स्थानीय मांग पर निर्भर करती हैं।

स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव.... एसी बोगी का पूरा शीशा टूट

पटना । बिहार के समस्तीपुर में जयनगर से दिल्ली जा रही स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (12561) पर एक शख्स के द्वारा पथराव करने का मामला आया है। इस दौरान एक एसी बोगी का पूरा शीशा टूट गया। वहीं, पैंट्री कार का शीशा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बाद आरपीएफ की टीम जांच में जुट गई है। स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय 08:55 में समस्तीपुर से जैसे खुली, प्लेटफार्म पर मौजूद एक शख्स ने ट्रेन पर पथराव कर दिया। इसके बाद ट्रेन रुक गई। घटना की जानकारी मिलने पर आरपीएफ की टीम ट्रेन में जांच करने के लिए मौके पर पहुंची। जांच के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। ट्रेन में हुए क्षतिग्रस्त शीशे को मुजफ्फरपुर में ठीक किया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया, जांच में ये बात सामने आई है कि प्लेटफॉर्म पर मौजूद एक पागल शख्स ने स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव किया था, जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पागल को स्टेशन से भगा दिया गया है।वैसे रेलवे एक-एक बिंदु पर जांच में जुटी है।

केरल में एमपॉक्स का एक और मामला सामने आया

तिरुवनंतपुरम। केरल में एमपॉक्स का एक और मामला सामने आया है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि जिन लोगों में इसके लक्षण सामने आए हैं, उन्हें उपचार कराने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि स्थिति का आकलन करने के लिए शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि मरीज के संपर्क में आने वालों सूची तैयार करने समेत एहतियाती कदम उठाये गये हैं। मंत्री ने विदेश से राज्य में पहुंचे सभी लोगों से आग्रह किया कि वे किसी भी तरह के लक्षण दिखाई देने पर स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें और उपचार कराएं। मंत्री ने एक बयान में कहा, सभी जिलों में पृथकवास सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने 23 सितंबर को एमपॉक्स की रोकथाम और उपचार के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी करने की योजना की घोषणा की थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा 2022 में एमपॉक्स को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किए जाने के बाद से भारत में इसके 30 मामले सामने आए हैं।

272 करोड़ के प्रोजेक्ट का कंगना रनौत ने किया विरोध, गडकरी ने किया था शिलान्यास

-नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद जताई नाराजगी

मंडी (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से बीजेपी सांसद कंगना रनौत अब केंद्र सरकार के एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के विरोध में उतर आई हैं। 6 महीने पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कुल्लू की खराहल घाटी में बिजली महादेव रोपवे का ऐलान किया था। 272 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास भी किया गया था, लेकिन अब इस प्रोजेक्ट का कंगना रनौत ने विरोध शुरू कर दिया है।

दरअसल, बिजली महादेव मंदिर के लिए प्रस्तावित इस रोपवे का विरोध खराहल और कशावरी घाटी के लोग काफी समय से कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रोजेक्ट से उनके रोजगार प्रभावित होंगे और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचेगा, क्योंकि रोपवे के निर्माण के लिए कई पेड़ों को काटा जाएगा। साथ ही, ग्रामीणों का मानना है कि देवता इस प्रोजेक्ट से खुश नहीं हैं।

कंगना रनौत ने कहा, मैंने इस प्रोजेक्ट को लेकर नितिन गडकरी से मुलाकात की थी और उन्हें इस मामले की जानकारी दी है। अगर हमारे देवता नहीं चाहते हैं तो यह प्रोजेक्ट बंद होना चाहिए। हमारे लिए हमारे देवता का आदेश आधुनिकीकरण से ज्यादा महत्वपूर्ण है। मैं फिर से नितिन गडकरी से मिलूंगी।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कुल्लू के मोहल नेचर पार्क में इस रोपवे का वर्चुअली शिलान्यास किया था। डेढ़ साल में तैयार होने वाले इस रोपवे के जरिए 36,000 सैलानी रोजाना बिजली महादेव मंदिर पहुंच सकेंगे, जिससे यहां के पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा। फिलहाल सड़क मार्ग से मंदिर पहुंचने में 2-3 घंटे लगते हैं, जबकि रोपवे से केवल सात मिनट में मंदिर तक पहुंचा जा सकेगा।

घंटेभर में 1200 लोग पहुंचेंगे

रोपवे के निर्माण कार्य का जिम्मा नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड के पास है। कंपनी के मैनेजर अनिल सेन के अनुसार, यह मोनो केबल रोपवे होगा जिसमें 55 बॉक्स लगाए जाएंगे। एक घंटे में इसकी क्षमता 1200 लोगों को ले जाने की होगी, जिसे बाद में 1800 तक बढ़ाया जाएगा।

बिजली महादेव की कहानी

कुल्लू घाटी के सुंदर गांव काशावरी में स्थित बिजली महादेव मंदिर 2460 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और भारत के प्राचीन मंदिरों में से एक है। इस मंदिर की खासियत यह है कि हर 12 साल में शिवलिंग पर बिजली गिरती है और शिवलिंग के टुकड़े हो जाते हैं। पुजारी इन टुकड़ों को मक्खन और आटे के पेस्ट से जोड़ते हैं। मंदिर की महिमा के कारण देश-विदेश से श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं।

कॉलोनी को पाकिस्तान कहने वाले जज श्रीशानंद पर हो सकती है कार्रवाई

नई दिल्ली। कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस वी श्रीशानंद की विवादास्पद टिप्पणी के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ सकती है। हाल ही में सुनवाई के दौरान जज श्रीशानंद ने बेंगलुरु की एक कॉलोनी को पाकिस्तान कहा था। इस टिप्पणी के बाद सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने उनके ट्रांसफर पर विचार करने का संकेत दिया है। कॉलेजियम में शामिल प्रमुख न्यायाधीशों, जिसमें चीफ जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस ऋषिकेश रॉय ने इस मुद्दे पर गंभीरता से चर्चा की।

कर्नाटक हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने 23 सितंबर को जस्टिस श्रीशानंद की टिप्पणियों को लेकर चिंता जताई थी, जिसके बाद कॉलेजियम ने ट्रांसफर करने पर विचार किया। जस्टिस श्रीशानंद के खिलाफ कॉलेजियम का सख्त रुख कई विवादित बयानों के कारण है। उन्होंने पहले भी कई बार विवादों को जन्म दिया है, जिसमें 6 जून को की गई लैंगिक भेदभाव वाली टिप्पणी। इसके अलावा, 28 अगस्त को उनकी पाकिस्तान वाली टिप्पणी के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया और सख्त नाराजगी जताई। 21 सितंबर को, जस्टिस श्रीशानंद ने खुली अदालत में बिना शर्त माफी मांगी और अपनी विवादास्पद टिप्पणी वापस ली। हालांकि, उनके खिलाफ कार्रवाई की संभावनाएं अभी भी बनी हुई हैं, जिससे उनकी स्थिति और जटिल हो सकती है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने जस्टिस श्रीशानंद के ट्रांसफर पर आगे की कार्रवाई की योजना बनाई है, जिससे उनके विवादित बयानों को लेकर न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को बचाया जा सके।

लादेन का महिमामंडन कर बुरी फंसी जितेंद्र आव्हाड की पत्नी

-भाजपा का आरोप इंडी आंतकियों के साथ

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में एनसीपी (शरदचंद्र पवार) नेता जितेंद्र आव्हाड की पत्नी ऋता आव्हाड ने कुछ ऐसा बयान दे दिया, जिस पर विवाद खड़ा हो गया है। कार्यक्रम के दौरान ऋता ने बच्चों से आंतकी ओसामा बिन लादेन की जीवनी पढ़ने का आग्रह किया और अल-कायदा संस्थापक की तुलना पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम से की। ऋता ने कहा कि लादेन मां के पेट से आतंकी पैदा नहीं हुआ था बल्कि समाज ने लादेन को आतंकी बनाया।

ठाणे में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान ऋता आव्हाड ने कहा, आपको लादेन की जीवनी पढ़नी चाहिए। कलाम जिस तरह राष्ट्रपति बने, उस तरह ओसामा बिन लादेन आतंकवादी बना था। लेकिन वह आतंकवादी क्यों बना? यह समाज ही था जिसने लादेन को ऐसा बनने के लिए मजबूर किया। वह पैदाइशी आतंकी नहीं था।

ऋता के बयान को मुद्दा बनाकर भाजपा ने राकांपा (शरदचंद्र पवार) नेता जितेंद्र आव्हाड पर तीखा हमला बोला है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पोस्ट में लिखा, जितेंद्र अव्हाड की पत्नी ने खुले मंच से बच्चों से लादेन की जीवनी पढ़ने का आग्रह किया, जैसे उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम के बारे में पढ़ा, ताकि वे समझ सकें कि वह आतंकवादी कैसा बना। आतंकवादियों का बचाव करना इंडिया ब्लॉक में शामिल पार्टियों के नेताओं की आदत बन गई है।

पूनावाला ने कहा, आव्हाड ने इशरत जहां (एलईटी आतंकवादी) का बचाव किया था। इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस, राकांपा (शरदचंद्र पवार) और सपा के नेताओं ने नियमित रूप से याकूब, अफजल, सिमी, कसाब और अन्य आतंकियों का भी बचाव किया है। भाजपा के एक अन्य प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पूछा कि क्या शरद पवार और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ऋता की इन टिप्पणियों का समर्थन करते हैं। बीजेपी प्रवक्ता भंडारी ने कहा, अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए अब इंडी गठबंधन और एमवीए ने एक नई रणनीति शुरू की है। नेताओं की पत्नियों को इसतरह के बयान देने के लिए प्रोत्साहित करना जो टेरर को सॉफ्ट सपोर्ट का संकेत देते हैं!

भाजपा जम्मू में आतंकवाद के फिर उभार के लिए जनता से माफी मांगे : उमर अब्दुल्ला

उधमपुर/जम्मू (एजेंसी)। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अपेक्षाकृत शांत रहने वाले जम्मू संभाग में हाल में हुए आतंकवादी हमले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कथित नाकामी दिखाते हैं और पार्टी को जम्मू-कश्मीर की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद के लिए नेकां, कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को जिम्मेदार ठहराकर पाकिस्तान को 'क्लीन चिट' दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद की क्या स्थिति है जहां हमारे बहादुर बल के जवानों को अक्सर निशाना बनाया जाता है? भाजपा को पहले जवाब देना चाहिए कि 2014 के बाद जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद क्यों फैला, खासकर पिछले तीन वर्षों में जब हमले बढ़े हैं।''

उन्होंने कहा, ''जम्मू का कोई ऐसा स्थान नहीं है जहां पर आतंकवादी हमले नहीं हुए हों, फिर चाहे चिनाब घाटी हो, पीर पंजाल क्षेत्र हो यारियासी, कठुआ,उधमपुर, जम्मू और सांबा हो... यह उनकी (भाजपा सरकार की) नाकामी को प्रतिबिंबित करता है और पार्टी को इसे स्वीकार कर जनता से माफी मांगनी चाहिए।'' उमर ने उधमपुर पूर्व विधानसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार सुनील वर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा के इतर उमर ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान का संदर्भ दिया जिन्होंने नेकां, कांग्रेस और पीडीपी को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा, '' जब भाजपा नेता जम्मू-कश्मीर में बोलते हैं तो हमें जिम्मेदार ठहराते हैं, लेकिन जब वे केंद्र शासित प्रदेश से बाहर बोलते हैं तो पाकिस्तान को जिम्मेदार करार देते हैं।''

नेकां उपाध्यक्ष ने कहा, ''वे (भाजपा नेतृत्व) एक बात नहीं करते। अगर हम जिम्मेदार हैं तो फिर वे पाकिस्तान से बात क्यों नहीं करते? आप जम्मू-कश्मीर की धरती से(आतंकवाद के लिए) हमें जिम्मेदार ठहरा रहे हो, इस प्रकार पाकिस्तान को क्लीन चिट दे रहे हो। वे विरोधाभासी बयान दे रहे हैं और जनता को भ्रमित करने के लिए अलग-अलग रुख अपना रहे हैं।'' उन्होंने कहा लेकिन नेशनल कांफ्रेंस एक आवाज में बात करती है चाहे वह जम्मू-कश्मीर हो या कहीं और। भाजपा ने नेकां के घोषणा पत्र की आलोचना की है। इस बारे में पूछे जाने पर उमर अब्दुल्ला ने कहा, '' उनसे आप क्या उम्मीद कर सकते हैं कि वे हमारे घोषणा पत्र की प्रशंसा करेंगे? वे हमारे खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं और यह स्वभाविक है कि वे हमारे घोषणापत्र का विरोध करेंगे।''

उन्होंने कहा, ''मैं खुश हूं और उनकी प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद देता हूं। हम छोटी क्षेत्रीय पार्टी है और जम्मू-कश्मीर से बाहर हमारा कुछ भी नहीं है फिर भी उन्होंने हमारे घोषणापत्र को पूरे देश में चर्चा का विषय बना दिया है। शायद ही कोई केंद्रीय मंत्री या (भाजपा का) मुख्यमंत्री होगा जिसने हमारे घोषणा पत्र पर बात नहीं की हो। मैं भाजपा का शुक्रगुजार हूं।'' उमर ने भाजपा नेतृत्व द्वारा उनका नाम लेकर निशाना बनाए जाने पर कहा, '' सत्ता से इतने लंबे समय से दूर रहने के बावजूद अगर प्रधानमंत्री या गृहमंत्री अपने भाषणों में मुझे याद कर रहे हैं तो इसका अभिप्राय है कि मैंने कुछ अच्छा किया है।'' नेकां नेता ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव के शुरुआती दो चरणों में खराब प्रदर्शन की वजह से भाजपा घबराई हुई है। इससे पहले नेकां और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उमर ने कहा कि भाजपा कह रही है कि अगर '' हम सरकार बनाते हैं तो आतंकवाद का सफाया कर देंगे।''

विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी को झटका, सुनील जाखड़ ने दिया इस्तीफा

- रवनीत सिंह बिट्टू को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाए जाने से थे नाराज

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव का प्रचार जोरों पर है इसी बीच बीजेपी को जोरदार झटका लगा है। पंजाब में पंचायत चुनाव से पहले बीजेपी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्हें एक साल पहले ही इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पार्टी सूत्रों से पता चला है कि अभी उनका इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया है।

इस्तीफे को लेकर सुनील जाखड़ से संपर्क करना चाहा लेकिन उनका फोन नहीं उठा। वहीं इस खुलासे से पंजाब बीजेपी में हलचल मची गई है। पंजाब बीजेपी के जनरल सेक्रेटरी अनिल सरीन ने कहा कि सुनील जाखड़ ने इस्तीफा नहीं दिया है। यह अफवाह है। जानकारी के मुताबिक वह रवनीत सिंह बिट्टू को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाए जाने से नाराज चल रहे थे। बिट्टू लोकसभा चुनाव हार गए थे। हालांकि, बाद में उन्हें राजस्थान से राज्यसभा भेजा गया। इसके अलावा वह पंजाब में बीजेपी नेताओं के कामकाज के तरीके से भी नाराज हैं।

इस बारे में जाखड़ पिछले हफ्ते पीएम मोदी के साथ एक बैठक में पद छोड़ने की इच्छा जता चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक जाखड़ ने जुलाई महीने से ही पार्टी से दूरी बनानी शुरू कर दी थी। हालांकि, बीजेपी के सदस्यता अभियान की शुरुआत के समय वह मौजूद थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पंचायत चुनाव पर चर्चा और तैयारियों को लेकर पार्टी कार्यालय में बैठक रखी हुई। इसमें भी वह नहीं आए। जब बीजेपी के किसी वरिष्ठ नेता ने उन्हें फोन किया तो उनका जवाब था कि वह बैठक में शामिल नहीं होंगे और आगे भी किसी भी बैठक में नहीं आएंगे। इससे पहले जालंधर विधानसभा के उपचुनाव के बाद उनकी तरफ से पीएम मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को बताया था कि वह प्रधान पद पर नहीं रहना चाहते।

जानकारों के मुताबिक जाखड़ के इस्तीफे देने की कई वजह हैं, क्योंकि उनकी लाइन बीजेपी से अलग रही है। लोकसभा चुनाव में वह चाहते थे कि बीजेपी अकाली दल के साथ मिलकर चुनाव लड़े लेकिन बात नहीं बनी। दूसरा बीजेपी के पुराने नेता भी उनसे असहज महसूस कर रहे थे। वह हमेशा कहते हैं कि बाहर से आए लोगों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। जाखड़ जिस हिसाब से पंजाब संगठन में बदलाव चाहते हैं, उससे प्रदेश के नेताओं के अलावा केंद्रीय नेतृत्व भी सहमत नहीं है। जाखड़ का मानना है कि वह अपने हिसाब से काम नहीं कर पा रहे हैं।

15 अक्टूबर को पंचायत चुनाव

पंजाब में पंचायती चुनाव का ऐलान हो चुका है। 15 अक्टूबर को मतदान होना है। इसी दिन परिणाम भी आ जाएंगे। 27 से 4 अक्टूबर तक पंच व सरपंच पद के लिए नॉमिनेशन दाखिल कर सकते है। करीब 4 महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में पंजाब में बीजेपी एक भी सीट नहीं जीत पाई है लेकिन इस बार पार्टी का वोट बढ़ा है। बीजेपी, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के बाद तीसरे नंबर पर रही थी। बीजेपी को करीब साढ़े 18 फीसदी वोट मिले थे।

फिलहाल विदा होने को तैयार नहीं है मानसून, एक दर्जन राज्यों में करेगा झमाझम बारिश

नई दिल्ली (एजेंसी)। मानसूनी बारिश पूरी हो गई है इसके बाद भी मानसून फिलहाल विदा होने को तैयार नहीं है। अब लगभग एक दर्जन राज्यों में एक बार फिर झमाझम बारिश करेगा इसके बाद विदाई लेगा। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों को मॉनसून विदाई का तोहफा दे रहा है। इस सप्ताह भी उत्तर से लेकर दक्षिण भारत के 10 से ज्यादा राज्यों में बारिश के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया है कि अब तक गुरुवार, 26 सितंबर तक पंजाब, राजस्थान और गुजरात के कुछ हिस्सों से विदा हो चुका है। खास बात है कि मॉनसून की विदाई करीब 10 दिनों की देरी से शुरू हुई है।

पूर्वोत्तर के अधिकांश राज्यों में 7 दिनों के दौरान बारिश के आसार हैं। वहीं, झारखंड में 27 सितंबर, बिहार में 28 सितंबर, उप हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 28 सितंबर, 2 अक्टूबर और 3 अक्टूबर को भारी बारिश हो सकती है। पश्चिम भारत में कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र और गुजरात क्षेत्र में 27 सितंबर को भारी से अति भारी बारिश हो सकती है। वहीं, 28 सितंबर को भी मध्य महाराष्ट्र गुजरात क्षेत्र में भारी बारिश के आसार है। शनिवार को सौराष्ट्र और कच्छ में भारी बारिश की संभावनाएं हैं। अगले 7 दिनों के दौरान उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगिट, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश में बारिश के आसार हैं। उत्तर पश्चिम क्षेत्र में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में 27 सितंबर और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 27-28 सितंबर को भारी से अति भारी बारिश हो सकती है।पश्चिम मध्य प्रदेश में 27 और 28 सितंबर को भारी बारिश की संभावनाएं हैं। दक्षिण भारतीय राज्यों को लेकर मौसम विभाग ने बताया है कि तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल में 28 और 29 सितंबर, केरल और माहे में 28 से 30 सितंबर, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में 29 सितंबर, तटीय कर्नाटक में 30 सितंबर को भारी बारिश हो सकती है।

चीन से विवाद... 65 से बढ़ाकर 72 प्वाइंट्स पर पेट्रोलिंग करेगी सेना

नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन के साथ सीमा विवाद के बीच भारत ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पूर्वी लद्दाख में पेट्रोलिंग प्वाइंट बढ़ा दिए हैं। सेना अब 65 से बढ़ाकर 72 प्वाइंट्स पर पेट्रोलिंग करेगी। एक रिपोर्ट में आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि विभिन्न स्थानों पर गश्त बढ़ा दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार कठिन मौसम की स्थिति और इलाके के बावजूद भारतीय सुरक्षा बल क्षेत्र पर अपना वर्चस्व सुनिश्चित कर रहे हैं।

पीपी-04 और पीपी-65 के बीच भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच तनाव कम होने के बाद नए पेट्रोलिंग क्षेत्र की पहचान हुई है। हालांकि दोनों देशों के बीच बफर की मौजूदगी के कारण इन नए गश्ती बिंदुओं तक पहुंचना मुश्किल है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि प्रभावी गश्त सुनिश्चित करने के लिए मार्ग बनाए गए हैं। 2013-14 से भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच झड़पें और गतिरोध बढ़े हैं। 2020 में लद्दाख में गतिरोध के कारण हिंसक झड़पें हुईं। इसमें एक कर्नल सहित 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि तब से सुरक्षा बलों को नई तकनीक, ड्रोन, बुनियादी ढांचे, बलों के बीच बेहतर समन्वय और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) का उपयोग करके एलएसी के साथ सीमावर्ती गांवों के विकास के लिए केंद्र की हालिया पहल से बेहतर तरीके से सुसज्जित किया गया है।

चीन के साथ 3488 किलोमीटर का बॉर्डर

भारत चीन के साथ 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। इसमें उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के बीच का मध्य क्षेत्र भारत की तरफ और तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र चीन की तरफ है। जबकि पूर्वी क्षेत्र अरुणाचल, सिक्किम और तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र चीन की तरफ है। लद्दाख चीन के साथ 1,597 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है, उसके बाद अरुणाचल (1,126 किलोमीटर) है।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

विंटेज स्कूल गर्ल वाइब्स में नजर आ रही हैं अनन्या

एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपनी आगामी थ्रिलर फिल्म सीटीआरएल जो विंटेज स्कूल गर्ल वाइब्स में नजर आ रही हैं, ने अपने इंस्टाग्राम पर इस नए लुक की तस्वीरें साझा की हैं। इसके बाद सोशल मीडिया पर हलचल मच गई है। अनन्या के इस रुप को उनके 25.5 मिलियन फॉलोअर्स ने खूब सराहा है। तस्वीरों में अनन्या चेकर्ड स्वेटर के साथ एक धारीदार शर्ट पहने नजर आ रही हैं, जिसे उन्होंने बेज शॉर्ट स्कर्ट के साथ खूबसूरती से जोड़ा है। उनके आधे बंधे बाल उनके आउटफिट के वाइब को और भी खूबसूरत बना रहे हैं। उन्होंने इस लुक को काले मोजे और ट्रेंडी प्लेटफॉर्म शूज के साथ पूरा किया है। कैडिड शॉट्स में उनका यह विंटेज लुक फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया है। सीटीआरएल विक्रमादित्य मोटवानी और अविनाश संपत द्वारा लिखित और निर्देशित एक थ्रिलर फिल्म है, जिसमें संवाद सुमुखी सुरेश ने लिखे हैं। फिल्म का निर्माण निखिल द्विवेदी और आर्य मेनन द्वारा किया गया है, और इसमें अनन्या के साथ विहान समत और अपारशक्ति खुराना भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अनन्या पांडे का यह नया लुक और उनकी आगामी फिल्में उन्हें बॉलीवुड में और भी मजबूत स्थान दिलाने में मदद करेंगी। फिल्म 4 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी, और इसके बारे में दर्शकों में खासा उत्साह है। अनन्या पांडे ने 2019 में स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से अपने करियर की शुरुआत की थी, जिसमें उन्होंने श्रेया की भूमिका निभाई। यह फिल्म 2012 की हिट फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर का सीक्वल थी, जिसमें टाइगर श्रॉफ और तारा सुतारिया ने भी अभिनय किया था। इसके बाद अनन्या ने पति पत्नी और वो में तपस्या, खाली पीली में पूजा, और गहराइयां में टिया के रूप में अपनी अदाकारी से दर्शकों को प्रभावित किया। अनन्या ने 2022 में पुरी जगन्नाथ की स्पोर्ट्स एक्शन फिल्म लिगर के साथ तेलुगु सिनेमा में कदम रखा, जिसमें विजय देवरकोंडा मुख्य भूमिका में थे। उन्होंने हाल ही में कॉमेडी सीरीज कॉल मी बे से अपना ओटीटी डेब्यू भी किया है, जो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। उनकी अगली फिल्म शंकरा भी दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरी उतरने के लिए तैयार है।

ऋचा का कातिलाना अंदाज और पोज़ बहुत पसंद आया फैंस को

बीती 16 जुलाई को प्यारी सी बेटी का जन्म होने के बाद एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने डॉटर्स डे पर अपने मैटरनिटी फोटोशूट की कई तस्वीरें साझा कीं, जिसमें उन्होंने अपनी गर्भावस्था के नौवें महीने का जश्न मनाया। ऋचा ने इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इन तस्वीरों में गोल्डन साड़ी पहन रखी है, जिसे उन्होंने इस तरह लपेटा है कि उनका बेबी बंप और वलीवेज साफ नजर आ रहे हैं। खास बात यह है कि उनके बेबी बंप और छाती पर ब्लैक डिजाइन बना हुआ है, जो तस्वीरों में ध्यान आकर्षित कर रहा है। ऋचा का ये कातिलाना अंदाज और पोज़ फैंस को बहुत पसंद आया, लेकिन कुछ यूजर्स ने उन्हें ट्रोल भी किया। इन तस्वीरों के साथ ऋचा ने कैप्शन में माया एंजेलो के एक उद्धरण को साझा किया, जिसमें उन्होंने अपनी मां के प्यार और अपने बच्चे के लिए भावनाओं का इजहार किया। उन्होंने लिखा, मेरी मां ने मेरे चारों ओर अपना सुरक्षात्मक प्यार बरसाया... यह तस्वीरें मेरी गर्भावस्था के 9वें महीने में हर्ष फोटोग्राफर द्वारा ली गई थीं। बेटी को डॉटर्स डे की बधाई देते हुए उन्होंने लिखा, हैप्पी डॉटर्स डे मेरी बेटी। हम एक दिन इन तस्वीरों को एक साथ देखेंगे, जहां आपने अंदर पोज दिया था और मैं खुशी से झूम रही थी... हालांकि, जहां एक तरफ उनके फैंस ने इस पोस्ट को खूब लाइक किया, वहीं दूसरी तरफ कुछ ट्रोलर्स ने उन्हें नकारात्मक टिप्पणियों का निशाना बनाया। एक ट्रोलर ने लिखा, आपने तो नुमाइश लगा दी है, जबकि दूसरे ने कहा, फोटोशूट के नाम पर कुछ भी किया जा रहा है। ट्रोलिंग के बाद ऋचा ने अपने कमेंट सेक्शन को बंद कर दिया है। ऋचा चड्ढा की यह स्थिति दर्शाती है कि सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को न केवल प्यार मिलता है, बल्कि आलोचना का भी सामना करना पड़ता है। फिर भी, ऋचा ने अपनी बेटी और मातृत्व का जश्न मनाने का फैसला किया है, जो उनकी खुशी और गर्व का प्रतीक है। बता दें कि एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा हाल ही में पति अली फजल के पहले बच्चे की मां बनीं, और उन्होंने अपने नन्हे मेहमान का स्वागत बेहद खुशी के साथ किया है।

लाइफ से जुड़ी कई पर्सनल बातों का खुलासा किया सना खान ने

हाल ही में बॉलीवुड की पूर्व अभिनेत्री सना खान ने एक शो में अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ी कई बातों का खुलासा किया और अपने पति की तारीफ की। रुबीना से बातचीत में सना ने कहा कि उनके ट्रांसफॉर्मेशन के पीछे उनके पति का बड़ा हाथ है। उन्होंने कहा, आप आज मुझे जैसा भी देखते हैं—बात करना, सोचना, सबकुछ मेरे पति की वजह से है। मैं उन्हें 100 परसेंट क्रेडिट देती हूं। सना ने बताया कि उनके पति ने उनकी आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और उन्हें ज्यादा दयालु बनने में मदद की है। सना ने कहा, आप जितना दूसरों को देते हैं, अल्लाह आपको उतना ही देता है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि उनके पति ने उन्हें जिंदगी का गहरा अर्थ समझने में मदद की है। बातचीत के दौरान, सना इमोशनल हो गईं और अपने पुराने कपड़ों के बारे में बात करते हुए कहा, पता नहीं कैसे मैं फुल स्लीव से बैकलेस तक पहुंच गई थी। मुझे शैतान ने महिला के तौर पर कब नंगा कर दिया, पता ही नहीं चला। सना की यह यात्रा दर्शाती है कि उन्होंने अपनी पहचान को फिर से खोजा है और अपने नए जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश की है। उनके अनुभव और पति के समर्थन ने उन्हें एक नई दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। बता दें कि बॉलीवुड की पूर्व अभिनेत्री सना खान, जो कभी ग्लैमर की दुनिया की एक प्रमुख हस्ती थीं, ने साल 2020 में शोबिज इंडस्ट्री से तौबा करते हुए धर्म का रास्ता अपनाया। इस निर्णय के बाद, उन्होंने मुफ्ती अनस के साथ गुपचुप शादी कर सबको हैरान कर दिया था।

क्या आप सभी का व्यक्तित्व भी अतिवादी होता है : रश्मिका मंदाना

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने एक तस्वीर साझा की जिसमें वह बिस्तर पर लेटी हुई मुस्कुरा रही हैं। इस तस्वीर के कैप्शन में उन्होंने लिखा, क्या आप सभी का व्यक्तित्व भी अतिवादी होता है? एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार और विचार-प्रोवोकिंग पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने अपनी बदलती पर्सनालिटी पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कभी-कभी उन्हें बेवजह घंटों तक वर्कआउट करना पड़ता है, भले ही वह समय अनजाने में अजीब क्यों न हो। वहीं, कुछ दिनों में उनका मन वर्कआउट करने का नहीं होता, और वह सोफे पर लेटकर अनहेल्दी खाना खा रही होती हैं और के-ड्रामा देख रही होती हैं। रश्मिका ने अपने प्रशंसकों से पूछा, क्या आप भी ऐसा करते हैं? हां या ना में जवाब दें। 78 प्रतिशत लोगों ने हां का विकल्प चुना, जबकि 22 प्रतिशत ने ना का। रश्मिका की इस बातचीत ने दर्शकों के बीच एक दिलचस्प संवाद को जन्म दिया है। इसके अलावा, इंस्टाग्राम स्टोरी में मलेशियाई मॉडल-ब्लॉगर कुआन ने रश्मिका के साथ एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह तेलुगु सीख रही हैं। कुआन ने इसे मेरी नई दोस्त के रूप में कैप्शन दिया, और रश्मिका ने तेलुगु में यही बात दोहराई। कुआन ने आगे लिखा, मैं तमिल सीख रही हूं दोस्तों। रश्मिका की फिल्मी करियर की बात करें तो वह जल्द ही अल्लू अर्जुन और फहाद फासिल के साथ बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2-द रूल में नजर आएंगी। यह फिल्म 6 दिसंबर, 2024 को तेलुगु, तमिल, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। इसके अलावा, रश्मिका शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित धनुष स्टार कुबेर में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वह सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म सिकंदर में भी दिखाई देंगी, जिसे गजनी के निर्देशक एआर मुरुगादॉस बना रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस रश्मिका इस समय मिलान फैशन वीक में भाग ले रही हैं।

फिल्मों में बेहतरीन अभिनय के लिए दुबई में सम्मानित होंगी ज़ारा खान.!

फिल्म अभिनेत्री सह समाजसेविका ज़ारा खान को आगामी 29 सितम्बर को दुबई में सम्मानित किया जाएगा। ज़ारा खान फिल्म जगत में अपनी खूबसूरत अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। मूलत: ग्वालियर मध्य प्रदेश की निवासी ज़रा हिंदी, तमिल, तेलुगु और मराठी सहित कई भाषाओं में अपनी बेहतरीन अभिनय से लोगों के दिलों में खास जगह बना चुकी हैं। उनकी फिल्मों में वे अपने शसक्त अभिनय के लिए जानी जाती रही हैं। अभिनय के अलावा ज़ारा खान अपने समाजसेवा के लिए भी लोगों के बीच खासी लोकप्रियता हासिल कर चुकी हैं, समय समय पर और अपने जन्मदिन सहित ज़िन्दगी के कुछ खास पलों को ज़ारा खान अनाथ बच्चों, और असहाय लोगों के बीच उनकी जरूरत की चीजों के साथ खुशियां मनाती हैं। वे गरीबों में इसलिए भी लोकप्रिय हैं क्योंकि वे उनके बच्चों को स्कूल भेजने में मदद करती हैं, उनके बच्चों के लिए स्टेशनरी का मुफ्त वितरण करती हैं। ज़ारा खान के समाज में इन्हीं योगदानों और समर्पण को देखते हुए उन्हें दुबई में आगामी 29 सितम्बर को सम्मानित किया जाएगा। दरअसल दुबई में आगामी 29 सितम्बर को एक वृहद आयोजन होने जा रहा है जिसमें दुनियाभर के बड़े बड़े इन्वेस्टर और बिज़नेस जगत की जानी मानी हस्तियां शामिल होने जा रही हैं। इस आयोजन को जेनेसिस अल्टीमा दुबई - यूएई और महेज़ फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मिट में दुनियाभर से तमाम सेलिब्रिटी और बिजनेस टायकून हिस्सा लेने आ रहे हैं। यह एक तरह का टूरिज्म कान्क्लेव भी है जिसे दुबई के मशहूर पार्क रेजिस क्रिस किन होटल में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में शामिल होने को लेकर ज़ारा खान खासी उत्साहित हैं और कहती हैं कि अब देश के साथ दुनिया के हर कोने में पहचान मिलना अपनेआप में काफी गौरव की बात है और इस सम्मान से उन्हें काफी फख्र महसूस हो रहा है।

'लापता लेडीज' की ऑस्कर के लिए एंट्री के लिए किरण को दिया धन्यवाद

कॉमेडी ड्रामा लापता लेडीज को ऑस्कर 2025 के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुने जाने पर अभिनेत्री प्रतिभा रांटा एवं फिल्म की टीम के अन्य सदस्यों ने फिल्म निर्माता किरण राव को धन्यवाद दिया है। इस फिल्म में जया की भूमिका निभाने वाली प्रतिभा ने अपने सह-कलाकारों स्पर्श और नितांशी गोयल के साथ इंस्टाग्राम पर फिल्म की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने लिखा, कल का दिन जीवन के सबसे खास दिनों में से एक रहा। हमारी फिल्म 'लापता लेडीज' को ऑस्कर में भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना गया है। किरण मैडम, आपके समर्थन और मुझे यह मौका देने के लिए धन्यवाद। हमारी पूरी टीम को बधाई। जश्न मनाना बंद नहीं कर सकते। नितांशी गोयल ने भी किरण राव के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा, बहुत खुश और आभारी महसूस कर रही हूं कि लापता लेडीज ऑस्कर 2025 के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री है। 23 सितंबर को फिल्म फेडरेशन ने लापता लेडीज को सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म श्रेणी में भारत की आधिकारिक एंट्री के रूप में चुना। यह फिल्म 29 अन्य फिल्मों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही थी, जिसमें फ्एनिमलफ्, फ्किलफ्, फ्कल्कि 2898 ई.डी.फ् और फ्श्रीकांतफ् शामिल हैं। लापता लेडीज दो दुल्हनों की कहानी पर आधारित है, जो एक ही ट्रेन में सफर करते समय आपस में बदल जाती हैं। यह स्लाइस-ऑफ-लाइफ कॉमेडी दर्शकों को हंसाने और सोचने पर मजबूर करती है। इसकी पटकथा बिप्लब गोस्वामी की पुरस्कार विजेता कहानी पर आधारित है, जबकि संवाद स्नेहा देसाई और दिव्यनिधि शर्मा ने लिखे हैं। ऑस्कर 2025 मार्च में आयोजित होगा, और फिल्म के चयन ने इसे भारतीय सिनेमा की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का एक और अवसर प्रदान किया है। असमिया निर्देशक जाह्नु बरुआ की अध्यक्षता में एक 13 सदस्यीय चयन जूरी ने लापता लेडीज को चुना। इस फिल्म में प्रतिभा रांटा, नितांशी गोयल, स्पर्श श्रीवास्तव, छाया कदम और रवि किशन जैसे कलाकारों ने अभिनय किया है। लापता लेडीज का निर्माण किरण राव, आमिर खान और ज्योति देशपांडे ने किया है।

सैफ अली खान अपने पटौदी पैलेस को म्यूजियम में बदलेंगे?

सैफ अली खान एक सफल बॉलीवुड स्टार के साथ साथ एक नवाबी खानदान से भी ताल्लुक रखते हैं। बॉलीवुड में सैफ ने कई सुपरहिट फिल्में की और अपना बड़ा नाम कमाया। नाम बनाने के बाद उन्होंने अपने पुश्तैनी घर पटौदी पैलेस का स्वामित्व वापस लिया। पटौदी पैलेस को सैफ अली खान के पिता ने एक होटल चेन को पट्टे पर दिया था लेकिन बरसों बाद सैफ अली खान ने इसे वापस अपना बना लिया। अब खूबसूरत महल जैसे घर के संरक्षक सैफ अली खान ही है। सैफ अपने पटौदी पैलेस को एक म्यूजियम में बदलना चाहते हैं ताकि उनके परिवार की विरासत को संजोया जा सके। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने अपने पटौदी पैलेस को म्यूजियम में बदलने पर बात की है।

सैफ अली खान ने कहा, विरासत के लिहाज से, यह घर समय के साथ अलग-अलग लोगों का रहा है। मेरे पिता एक नवाब के रूप में पैदा हुए थे, वे एक नवाब थे। उन्होंने अपनी शर्तों पर जीवन जिया, और वे सबसे अद्भुत व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि समय बदल गया है, और उन्होंने घर को एक होटल को किराए पर देने का फैसला किया... मुझे याद है कि मेरी दादी ने मुझसे कहा था, 'ऐसा कभी मत करना'। इसका बहुत इतिहास है, और यह ऐसी चीज है जिस पर मुझे गर्व है।'

उन्होंने कहा, 'मेरे दादा-दादी को वहीं दफनाया गया है, मेरे पिता को भी वहीं दफनाया गया है। यह मेरा पारिवारिक घर है। यहां बहुत सारे पुराने घर हैं, हम उन्हें दरबार हॉल कहते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि यह पुराना नाम है। मैं इसे लॉर्ड्स के हॉल के नाम पर लॉन्ग रूम कहना चाहता हूं। इस घर को पटौदी के सातवें नवाब और मेरे पिता ने बनवाया था। मैं उनके क्रिकेट के मैदान और बल्ले लगाना चाहता हूं और मैं वास्तव में इस घर को उनकी आत्मा के साथ फिर से बनाना चाहता हूं। यह मेरा सपना रहा है और यह लगभग पूरा हो चुका है।' सैफ अली खान ने बताया कि उनके पिता ने उन्हें पहले ही बता दिया था कि उन्हें विरासत में बहुत बड़ी रकम मिलेगी। उन्होंने कहा, 'मेरे पिता ने मुझसे कहा, 'किसी भी तरह की वित्तीय विरासत की उम्मीद मत करो, दुनिया बदल गई है। मैं तुम्हें अच्छी शिक्षा दूंगा। मैं उसका खर्चा उठाऊंगा, लेकिन इसके अलावा, तुम खुद ही सब कुछ संभालोगे।' जबकि सैफ के पिता ने संपत्ति को एक होटल को पट्टे पर दे दिया था, अभिनेता अपनी दादी की सलाह पर चल रहे हैं और वर्तमान में संपत्ति के एक हिस्से को अपने पूर्वजों की उपलब्धियों को उजागर करने के लिए एक संग्रह में बदल रहे हैं। सैफ अली खान महल के एकमात्र मालिक हैं और अपनी बहनों सबा और सोहा के साथ स्वामित्व साझा नहीं करते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि वह प्रिवी पर्स खत्म होने से पहले एक 'नवाब' के रूप में पैदा हुए थे।